WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, गुरुवार, 9 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 267 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को आखिरकार बेआबरू होकर कूचे से निकलना ही पड़ा। कनाडा के लोगों में उनके खिलाफ इस कदर असंतोष गहरा गया था जो कभी भी आक्रोश के रूप में फूट सकता था। वक्त की नजाकत को देखते हुए जस्टिन ट्रूडो ने पतली गली पकड़ कर निकल लेने में ही अपनी भलाई समझी और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। भारत विरोधी रूख अख्तियार कर उन्होंने यह मुगालता पाल लिया था कि इससे कनाडा के लोग खुश होंगे लेकिन यह पासा उल्टा पड़ गया। सांप सीढ़ी के खेल में हारने वाले जस्टिन ट्रूडो अब घर बैठकर बच्चों के साथ लूडो खेलेंगे।

झाड़ू के खिलाफ मैदान में कूड़ादान

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय लिबरल पार्टी के अध्यक्ष डॉ. मुनीश कुमार रायज़ादा आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नयी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और उनकी पार्टी को कूड़ादान चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

विकास का हर घटक हुआ कमजोर : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि निवेश घट रहा है, सामूहिक खपत में स्थिरता आ गई है, विनिर्माण क्षेत्र की गति धीमी पड़ गई है। इसके कारण अर्थव्यवस्था लगातार गिर रही है और विकास की गति सरकार के अनुमान से भी निचले स्तर पर पहुंच गई है लेकिन सरकार हालात में सुधार के लिए कदम नहीं उठा रही है।

झारखंड में सड़क दुर्घटना, चार की मौत

रांची (वार्ता)। झारखंड में रामगढ़ जिले में रामगढ़-बोकारो मार्ग के गोला तिरला मोड़ के समीप बुधवार को एलपी ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को रौंद दिया जिसमें तीन बच्चों समेत 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हो गए। मृतकों में ऑटो का चालक भी शामिल है। दुर्घटना में मृत और घायल बच्चों की उम्र 5 से 12 साल के बीच है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामगढ़-बोकारो मार्ग के गोला तिरला मोड़ के समीप एलपी ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को टक्कर मारी जिसमें घटनास्थल पर ही तीन बच्चें और एक ऑटो चालक समेत चार लोगों की मौत हो गयी। एलपी ट्रक का एक चालक और 11 बच्चे दुर्घटना में घायल हुए हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया है।

अवैध मदरसों पर सख्ती, अब उत्तराखंड में तैयारी

देहरादून (ए.)। प्रदेश में कई मदरसे अवैध रूप से चल रहे हैं। मामले में आज सीएम धामी का बयान सामने आया है। सीएम ने कहा कि अवैध मदरसों के साथ ही फंडिंग की भी जांच होगी। शासन के निर्देश के बाद सभी जिलों में जिला प्रशासन ने इसकी जांच शुरू कर दी है। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण राजेंद्र कुमार के मुताबिक जांच में यह देखा जा रहा कि यह मदरसे पंजीकृत हैं या नहीं। इनकी आय के स्त्रोत का भी पता लगाया जा रहा है। जिला प्रशासन जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, ऊधमसिंह नगर जिले में 129 मदरसे अवैध मिले हैं। इसके अलावा देहरादून में भी कुछ मदरसे अवैध हैं। बताया गया कि ये मदरसे मदरसा बोर्ड से पंजीकृत नहीं हैं। इस तरह के मदरसों के खिलाफ यूपी में सख्ती के बाद कई मदरसे उत्तराखंड में चलने लगे हैं। अवैध चल रहे इन मदरसों में बच्चे भी यूपी एवं अन्य प्रदेशों के हैं।

कांग्रेस ने किया दिल्ली में 25 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा का वादा

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने दिल्ली में सरकार बनने पर यहां के लोगों को 25 लाख रुपए तक की मुक्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने का वादा किया है।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के मुख्यालय में आयोजित समारोह में जीवन रक्षा योजना को लांच किया। इस योजना के तहत कांग्रेस ने दिल्ली वासियों को 25 लाख तक मुक्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने का वादा किया है, यह योजना यहां के निजी अस्पतालों में भी लागू होगी और दिल्ली सरकार इस योजना की राशि का भुगतान करेगी। ग़ौरतलब है कि इससे पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति ने प्यारी दीदी नाम से अपनी पहली योजना की घोषणा की थी, इसके तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया है।

इस मौके पर गहलोत ने कहा हमने राजस्थान में लोगों को 25 लाख रुपए तक के इलाज के इलाज का सुविधा मुहैया करायी है इसलिए जब पार्टी ने मुझे इस योजना को लॉन्च करने के बारे में बताया तो मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे इस बार दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने के आसार दिखाई दे रहे है।

गरमा-गरम

मंत्रिमंडल विस्तार अगले सप्ताह, 2 से अधिक मंत्री ले सकते हैं शपथ!

- 12 से 13 जनवरी तक शपथ ग्रहण होने के लगाए जा रहे हैं कयास
- दावेदारों को लेकर भी सियासी गलियारों में चर्चाएं तेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हरियाणा की तरह मुख्यमंत्री सहित 14 मंत्रियों का फार्मूला लागू हो सकता है। मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट के साथ इस पर अब जल्द ही फाइनल मुहर लग सकती है। माना जा रहा है कि 12-13 जनवरी को मंत्रिमंडल विस्तार की तिथि आ गई है।

छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच ताजा अपडेट है यह कि शपथ समारोह जिसका इंतजार एक साल से हो रहा था, वो खत्म होने वाला है। तारीख के साथ-साथ सूत्रों के मुताबिक यह भी कहना है कि 2 से अधिक मंत्री शपथ ले सकते हैं। पार्टी में ऊपर से नीचे तक दखल रखने वाले सूत्र बताते हैं कि साय कैबिनेट का विस्तार 12 या 13 जनवरी को तय है।

इन दावेदारों का ये है सियासी समीकरण

संभावित मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा में आरएसएस बैक ग्राउंड से आने वाले दुर्ग शहर से विधायक गजेंद्र यादव को मंत्री बनाया जाना तय है। कहते हैं कि संघ से भी उन्हें मंत्री बनाए जाने का दबाव है। संघ से उनके नाम की पैरवी की खबर है। साथ ही यादव समाज को साधने के लिहाज से भी मंत्रिमंडल में उन्हें जगह दिए जाने की वकालत की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी मंत्री बनने वाले संभावित चेहरों में मजबूत माने जा रहे हैं।

इसके अलावा अमर अग्रवाल का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। संगठन सूत्र कहते हैं कि उनका नाम लगभग तय है। 14 साल तक मंत्री रह चुके अमर अग्रवाल रिजल्ट ओरिएंटेड काम करने के लिए पहचाने जाते हैं। भीड़ से अलग रहकर काम करने में भरोसा करने वाले अमर अग्रवाल ने पूर्ववर्ती रमन सरकार में आबकारी पॉलिसी बनाई थी। शराब बिक्री का ठेका सिस्टम खत्म किया था। इस फैसले से आबकारी राजस्व में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई थी। अमर अग्रवाल देश में इकलौते चेहरे रहे हैं, जो ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

लाखों करोड़ की सौगात से पहले आंध्र प्रदेश में पीएम का रोड शो

- सीएम नायडू और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद

अमरावती (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात देंगे। विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में पीएम परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे तथा उद्घाटन करेंगे। इनमें हरित हाइड्रोजन केंद्र और औषधि पार्क प्रमुखता से शामिल हैं। इससे पहले उन्होंने पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में रोड शो किया। पिछले वर्ष लगातार तीसरी बार पीएम का पद संभालने के बाद यह मोदी का राज्य का पहला दौरा है। जारी बयान में कहा गया कि पीएम, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ रेलवे जोन की नींव रखेंगे। इसके अलावा, वह अनकापल्ली जिले के पुदिमदका में एनटीपीसी के एकीकृत हरित हाइड्रोजन केंद्र की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

विशाखापत्तनम के लोगों के बीच होने का इंतजार है...

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया में लिखा, मैं हरित ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य से जुड़े प्रमुख कार्यों का उद्घाटन करने के लिए विशाखापत्तनम के लोगों के बीच होने का इंतजार कर रहा हूं। यह बहुत खुशी की बात है कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ग्रीन हाइड्रोजन हब परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी। वह इसे राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत पहला ऐसा हब बनाएगी। पीएम वहां बृहस्पतिवार को 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए 50 से अधिक देशों से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों ने पंजीकरण कराया है। एक दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी, प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह प्रवासियों भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन से रवाना होगी और तीन सप्ताह की अवधि के लिए पर्यटन और धार्मिक महत्व के कई स्थलों की यात्रा करेगी।

11-12 जनवरी को युवाओं से मोदी करेंगे संवाद : मांडविया

भुवनेश्वर (वार्ता)। केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11-12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान युवाओं के साथ संवाद करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। डा. मांडविया ने बुधवार को यहां शुरु हुए '18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर विकसित भारत की अपनी योजना पर चर्चा करेंगे और युवाओं को इससे जोडने की अपील भी करेंगे। डा. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना 140 करोड़ भारतीयों को साथ लेकर देश को विकसित बनाना है। यह महोत्सव युवाओं को प्रेरित करेगा और उन्हें राष्ट्रीय विकास में अपनी भूमिका निभाने का अवसर देगा। उन्होंने युवाओं से महोत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की, खासकर क्विज और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में।

भारतीय युवा वैश्विक मंच पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहा है : जयशंकर

भुवनेश्वर (वार्ता)। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को ओडिशा में कहा कि आज का युवा वर्ग न केवल देश के भविष्य का निर्माण कर रहा है बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहा है।

डॉ जयशंकर ने 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उदघाटन के दौरान यह बात कही। इसके बाद, केन्द्रीय युवा मामलों एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने उद्घाटन भाषण दिया। इस सम्मेलन में पांच थीम आधारित प्रथम सत्र आयोजित किए गए, जिसमें वैश्वीकरण में प्रवासी युवा नेतृत्व, प्रवासी कौशल की कहानियां, स्थायी विकास में प्रवासी का योगदान, महिला नेतृत्व और प्रभाव का जश्न मनाना तथा संस्कृति, संबंध और संबंध की कहानियां शामिल हैं।

युवा नवाचार और प्रगति की दिशा में अग्रसर : इस मौके पर विदेश मंत्री ने प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, चंद्रयान-4 की सफलता, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

ई सोच और दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें

विदेश मंत्री ने कहा कि आज के भारत को तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में अपनी जगह बनानी है। यह तभी संभव है जब युवा अपनी क्षमताओं का उपयोग करके नई सोच और दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें। नए समाज के लिए नए मॉडल की आवश्यकता है, और यह केवल युवा ही कर सकते हैं। आइए, मिलकर भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाएं।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो देश की प्रगति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी पढ़ाओ अभियान, आवास योजना, अन्न योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत और ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

तेलंगाना नहीं, अब छग की बिजली से रोशन होंगे किस्टाराम के 29 गांव

- 2025 तक बस्तर के सभी गांव में बिजली विस्तार का दावा

जगदलपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ बिजली आपूर्ति के मामले में आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ रहा है। इसके लिए राज्य सरकार और विद्युत कंपनी ने सराहनीय कदम उठाए हैं। किस्टाराम के 29 गांवों में तेलंगाना से बिजली की आपूर्ति को बंद कर छत्तीसगढ़ की अपनी बिजली पहुंचाई जा रही है। इससे राज्य की 1 करोड़ रुपए की बचत होगी। सीएसईबी (छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड) के अधिकारी सहदेव ठाकुर ने कहा है कि तेलंगाना से बिजली की आपूर्ति को पूरी तरह से रोककर सभी इलाकों में छत्तीसगढ़ की बिजली पहुंचाई जाएगी. उनका दावा है कि 2025 तक बस्तर के सभी गांवों में बिजली का विस्तार कर दिया जाएगा. यह कदम न केवल राज्य की वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा बल्कि बस्तर के ग्रामीण इलाकों में विकास को भी प्रोत्साहित करेगा। दरअसल, सुकमा, बीजापुर, किस्टाराम

और मरईगुड़ा जैसे क्षेत्रों में पहले तेलंगाना से बिजली आपूर्ति की जाती थी। इसके लिए छत्तीसगढ़ को हर साल करीब 1.75 करोड़ रुपए का भुगतान करना पड़ता था। निर्भरता कम होने से छत्तीसगढ़ की 1 करोड़ रुपए की बचत होगी। हालांकि मरईगुड़ा के 15 गांवों में अभी भी तेलंगाना की बिजली उपयोग हो रही है।

एलपीएससी निदेशक नारायणन इसरो के नए प्रमुख नियुक्त

चेन्नई (वार्ता) । केंद्र सरकार ने प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक और एलपीएससी के निदेशक वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अगला अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है। यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंगलवार शाम को इसकी घोषणा की। नारायणन 14 जनवरी से निवर्तमान प्रमुख

एस सोमनाथ का स्थान लेंगे। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि नारायणन की नियुक्ति दो वर्षों के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, किया गया है।आम तौर पर वीएसएससी के निदेशक को इसरो का अध्यक्ष बनाया जाता है और शायद पहली बार होगा जब एलपीएससी निदेशक को इस पद पर पदोन्नत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सोमनाथ, जिन्होंने वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम निदेशक के पद से पदोन्नत करके जनवरी 2022 से इसरो का नेतृत्व किया, उनके नाम कई सफलताएं हैं, जिनमें ऐतिहासिक तीसरा चंद्र मिशन चंद्रयान-3 जिसने चंद्रमा के अनछुए दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की, जिससे भारत यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला विश्व का पहला देश बन गया, सूर्य के लिए आदित्य-एल1 पहला मिशन और ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सौम्या चौरसिया को बड़ी राहत, मिली जमानत

- समयावधि में एसीबी ने नहीं दे पाई चलान

रायपुर/नवप्रदेश। एसीबी/ईओडब्लू कोर्ट में न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी के समक्ष सौम्या चौरसिया के अधिवक्ता फैजल रिज़वी ने मंगलवार को जमानत आवेदन पेश किया था। सात जनवरी, इस मामले में 61वां दिन था। अधिवक्ता फैजल रिजवी के आवेदन में यह उल्लेख था कि, नियत समयावधि 60 दिन हो चुके हैं। और चालान पेश नहीं हुआ है इसलिए जमानत दी जाए। इस आवेदन के बाद एसीबी/ईओडब्लू की ओर से आवेदन देकर बहस के लिए बुधवार का समय ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

अदालत ने दी जमानत लेकिन जेल में रहेंगी सौम्या

रायपुर की विशेष अदालत (एसीबी/ईओडब्लू) ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता फैजल रिज़वी के तर्कों से सहमत होते हुए सौम्या चौरसिया को ज़मानत दे दी। ईडी के कोल लेवी स्कैम में सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट से पूर्व में ज़मानत मिल चुकी है,आय से अधिक संपत्ति मामले में भी उन्हें रायपुर अदालत से ही ज़मानत मिल गई है। लेकिन सौम्या चौरसिया अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगी। क्योंकि उनके विरुद्ध एसीबी/इओडब्लू ने कोल लेवी केस में केस दर्ज कर रखा है, और इस प्रकरण में उन्हें ज़मानत नहीं मिल सकी है।

पीएम आवास देखने पर अड़े संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज, धरने पर बैठे

नई दिल्ली(ए.)। अंतिम मतदाता सूची जारी होने के एक दिन बाद मंगलवार को चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अब सत्ता संग्राम की सियासी जंग शुरू हो गई है। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने कल चुनाव की तारीख की घोषणा की थी। दिल्ली में 5 फरवरी को एक चरण में चुनाव होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। इस बीच दिल्ली में शीशमहल मामले को लेकर सियासत गर्म है। जहां भाजपा इस मामले को लेकर भाजपा आम आदमी पार्टी को घेरने में लगी है वहीं आप नेता संजय सिंह ने भाजपा के नेताओं को खुली चुनौती दी।

त्रिकोणीय मुकाबला... *11 वर्षों में आप और भाजपा ने आरोप-प्रत्यारोप के अलावा कुछ नहीं किया*

दिल्ली में चुनाव : तीनों पार्टियों का दावा, बताया अपना आधार

दिल्ली/ नव प्रदेश । दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतदान तिथि की घोषणा के बाद दिल्ली जीतने का तीनों प्रमुख पार्टियों ने दावा किया है। दिल्ली में इस बार कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की स्थितियां बनती दिख रही हैं।

हम जरूर जीतेंगे : केजरीवाल

विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह चुनाव काम और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। जनता का विश्वास हमारे साथ है, हम जरूर जीतेंगे। सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं। आप के जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फेल हो जाते हैं। वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को कमर कसकर चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतरने की अपील की है। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोग एक बार फिर मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा, महिलाओं की बस यात्रा के लिए केजरीवाल को चुनेंगे, जबकि प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि आप चुनाव के लिए तैयार है।

दिल्लीवाले मिलकर फिर से काम करने वाली अरविंद केजरीवाल की सरकार बनाएंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमारे मन में सिर्फ एक ही डर था कि कहीं भाजपा ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

पांच फरवरी बदलाव की तारीख : देवेंद्र यादव

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा पर कहा कि पांच फरवरी ऐतिहासिक दिन होगा, जब दिल्ली में भाजपा और आम आदमी पार्टी के कुशासन का अंत होगा। इस दिन दिल्ली के कूड़े के पहाड़, प्रदूषित यमुना और अपराधों से मुक्त होने का संकल्प पूरा किया जाएगा। कांग्रेस के सत्ता में आते ही महिलाओं को हर माह 2500 रुपये देने की प्यारी दीदी योजना लागू होगी और गरीब परिवारों के लिए शीशमहल खोला जाएगा। 8 फरवरी को कांग्रेस की सरकार बनने के बाद दिल्ली की जनता को वह भरोसा और सेवा मिलेगी, जो पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में थी। 11 वर्षों में आप व भाजपा ने आरोप-प्रत्यारोप के अलावा कुछ नहीं किया और जनता इससे छुटकारा चाहती है। वहीं, प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा कि पांच फरवरी बदलाव और जनता के हक का दिन होगा।

महाकुंभ : कब सामान्य और कब शाही स्नान

जब भी महाकुंभ की बात होती है तो सबसे पहले श्रद्धालुओं के मन में उन महत्वपूर्ण तिथियों को जानने की जिज्ञासा होती है, जिनमें शाही स्नान किया जा सकता है। इंटरनेट पर सर्च करने पर तिथियों के मामले में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, कोई पांच शाही स्नान बता रहा तो कोई छह शाही स्नान। आपके इसी असमंजस को दूर करने के लिए अमर उजाला ने तिथियों की तथ्यपरक जानकारी अपने पाठकों को तक पहुंचाना अपनी जिम्मेदारी समझा है। इस साल 13 जनवरी 2025 को महाकुंभ की शुरुआत होगी, जिसका समापन 26 फरवरी 2025, महाशिवरात्रि को होगा। महाकुंभ 45 दिन तक चलता है। हम आपको बता दें कि प्रयागराज में आयोजित इस बार के कुंभ में तीन शाही स्नान होंगे और इसके अतिरिक्त तीन ऐसी तिथियां होंगी जिन पर स्नान करना भी काफी शुभ माना जाएगा। आइए जानते हैं इन तिथियों के बारे में-

प्रयागराज। महाकुंभ हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है। इसे कुंभ मेला भी कहा जाता है, महाकुंभ का आयोजन 12 वर्षों में किया जाता है। जहां पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। यह उत्सव भारत की चार पवित्र नदियों और चार तीर्थ स्थानों पर ही आयोजित होता है। महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज के संगम , हरिद्वार में गंगा नदी, उज्जैन में शिप्रा नदी, और नासिक में गोदावरी नदी पर किया जाता है। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ मेले का आयोजन हो रहा है।

महाकुंभ का विहंगम दृश्य-

13 जनवरी (सोमवार)- स्नान, पौष पूर्णिमा
14 जनवरी (मंगलवार)- शाही स्नान, मकर सक्रांति
29 जनवरी (बुधवार)- शाही स्नान, मौनी अमावस्या
3 फरवरी (सोमवार)- शाही स्नान, बसंत पंचमी
12 फरवरी (बुधवार)- स्नान, माघी पूर्णिमा
26 फरवरी (बुधवार)- स्नान, महाशिवरात्रि

महाकुंभ में पूरे देश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचते हैं। यहां तक कि विदेशों में रहने वाले हिंदू धर्म के लोग भी महाकुंभ में शामिल होने के लिए भारत आते हैं। ऐसे में कुंभ मेले में काफी भीड़ होती है और होटल, धर्मशाला और टेंट सुविधा की बुकिंग पहले से हो जाती है। इसलिए अगर आप महाकुंभ का हिस्सा बनना चाहते हैं तो पहले से ही होटल में बुकिंग करा लें। ट्रेन या फ्लाइट का टिकट भी पहले से ही बुक करा लें ताकि रिजर्वेशन कन्फर्म रहे।

अलग दिशाओं के लिए अलग प्लान

मुख्य स्नान पर्व पर मेला क्षेत्र में चार प्वाइंटों से एंट्री की जा सकेगी। इनमें जीटी जवाहर, हर्षवर्धन तिराहा, बांगड़ चौराहा व काली मार्ग-दो शामिल हैं। मेले के अंदर आने के बाद श्रद्धालु काली सड़क होकर काली रैंप से अपर संगम मार्ग होकर संगम जा सकेंगे। वापसी त्रिवेणी मार्ग से होगी। श्रद्धालुओं को वापसी के दौरान भी किसी तरह की समस्या न हो और वह अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच जाएं, यातायात योजना तैयार करते वक्त इसका भी पूरा ख्याल रखा गया है। यही वजह है कि अलग-अलग दिशाओं से होकर जाने के लिए अलग-अलग योजना बनाई गई हैं। प्रयागराज जंक्शन या चौक की ओर जाने वाले त्रिवेणी मार्ग से फोर्ट रोड तिराहा, नए यमुना ब्रिज के नीचे से एडीसी तिराहा होकर गंतव्य की ओर जाएंगे।

मुख्य स्नान पर्व पर मेले में चार प्वाइंटों से होगी एंट्री

महाकुंभ के दौरान मुख्य स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं को चार स्थानों से मेला क्षेत्र में प्रवेश दिया जाएगा। वह काली सड़क होकर संगम जा सकेंगे, जबकि वापसी त्रिवेणी मार्ग से कर सकेंगे। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा व 14 को मकर संक्रांति पर यही व्यवस्था लागू होगी। एसएसपी कुंभ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्य स्नान पर्व पर भीड़ अधिक होगी। इसी को देखते हुए मुख्य स्नान पर्व व सामान्य दिनों में मेला क्षेत्र के भीतर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए अलग-अलग प्लान बनाए गए हैं।

न्यूज गैलरी

लॉस एंजिल्स में लगी भयानक आग, सैकड़ों घर स्वाहा

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी देश कॉलिफोर्निया के जंगलों में उठी भयंकर आग की लपटों ने नजदीकी रिहायशी शहर लॉस एंजिल्स की घनी बसी आबादी वाले इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है। आग की लपटें इतनी जोरदार हैं कि इसने सैकड़ों घरों को अपनी चपेट में ले लिया है। आवासीय इलाकों और आसपास में लगी भीषण आग से बचने के लिए हजारों लोग अपने घर-द्वार छोड़कर भाग निकले हैं। इस नजारे से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। लॉस एंजिल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स इलाके में कई घर कुछ ही मिनटों में देखते ही देखते आग की लपटों में जलकर राख हो गए और उनके सामने खड़ीं सैकड़ों गाड़ियां पलभर में जलकर खाक हो गईं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग का तांडव और मंजर देख लोग घबरा उठे और फौरन घर-बार छोड़कर भाग निकले। उनके मुताबिक, अचानक इलाके में भीषण ट्रैफिक जाम लग गया, क्योंकि बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को खाली करने की कोशिश कर रहे थे। इससे स्थिति और भी खराब हो गई और जब आग की लपटें तेजी से उनकी तरफबढ़ती हुई दिखीं तो लोगों को अपनी-अपनी गाड़ियां सड़क पर ही छोड़कर पैदल भागने को मजबूर होना पड़ा।

जापान की खाड़ी के आसपास भारी बर्फबारी की चेतावनी

टोक्यो(वार्ता)। जापान के मौसम विभाग ने उत्तर से लेकर पश्चिमी क्षेत्र मे शुक्रवार तक भारी बर्फबारी और तेज़ हवा चलने की चेतावनी दी है, खासकर उन क्षेत्रों मे जो जापान की खाड़ी के आसपास हैं । जापानी मौसम विज्ञान एजेंसी ने बुधवार को जानकारी दी कि बर्फबारी गुरूवार सुबह तक जारी रहेगी।

प्रायोजकों, वित्तपोषकों की तलाश कर सख्त सजा देना बेहद जरूरी

'आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसे दानवों के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे' : जयशंकर

अस्ताना। भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद को एक बहुत बड़ा खतरा बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले प्रायोजकों, वित्तपोषकों की तलाश कर उन्हें सख्त सजा देना बेहद जरूरी है। विदेश मंत्री ने इस दौरान प्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान पर कटाक्ष किया।

'वैश्विक शांति के लिए सबसे बड़ी चुनौती है आतंकवाद'

डॉक्टर एस जयशकंर ने कहा, 'इस बात में कोई शक नहीं है कि आतंकवाद आज विश्व के लिए सबसे प्रमुख चुनौती बन गया है। यह वैश्विक और राष्ट्रीय शांति के लिए एक खतरा बन गया है। हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवाद से लड़ने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। सिर्फ आतंकवाद को तैयार करने वाले लोग ही नहीं बल्कि इसके मददकर्ताओं, वित्तपोषकों और प्रायोजकों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई होनी चाहिए। इन सभी का पता लगाकर सख्त से सख्त सजा देने की जरूरत है।'

तीन दानवों के खिलाफ लड़ने की बेहद आवश्यकता है

कजाखस्तान के अस्ताना में हाल की में एक साक्षात्कार के दौरान डॉ. एस जयशंकर ने ये बातें कहीं थीं। डॉ. जयशकंर ने जोर देते हुए कहा, 'तीन दानवों के खिलाफ लड़ने की बेहद आवश्यकता है।' दरअसल, चार जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन आयोजित करवाया गया था। इस दौरान जयशंकर ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल का प्रतिनिधित्व किया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।

आतंकवाद के खिलाफ मजबूत कार्रवाई पर जोर

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें पूर्ण रूप से भरोसा है कि क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरंचना (आरएटीएस) की मदद से एससीओ द्वारा आतंकवाद के खिलाफ मजबूत कार्रवाई की जा सकती है। डॉ. एस जयशकंर ने कहा कि अस्ताना में हुए शिखर सम्मेलन में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई पर चर्चा की गई और इस बात से वे बहुत खुश हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष दिल्ली में एससीओ शिखर सम्मेलन हुआ था। उस दौरान आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ से संयुक्त रूप से मुकाबले पर जोर दिया गया था। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि कजाखस्तान में भी शिखर सम्मेलन के दौरान इस प्रतिबद्धता के उद्देश्य को आगे बढ़ाया गया है।

---

13 साल की लड़की ने महाकुम्भ में साध्वी बनने का ऐलान किया

प्रयागराज। बचपन से आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखने वाली 13 वर्षीय राखी सिंह के मन में यहां महाकुम्भ मेले में अचानक वैराग्य जगा और माता पिता से साध्वी बनने की इच्छा जाहिर की. किशोरी के माता-पिता ने भी बेटी की इच्छा को प्रभु की इच्छा मानकर उसे जूना अखाड़ा को सौंप दिया. यहां जूना अखाड़ा में प्रवास कर रहीं रीमा सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जूना अखाड़े के महंत कौशल गिरि महाराज पिछले तीन साल से उनके गांव में भागवत कथा सुनाने आ रहे हैं और वहीं उनकी 13 वर्षीय बेटी राखी सिंह ने गुरु दीक्षा ली थी। उन्होंने बताया कि कौशल गिरि जी महाराज के कहने पर वह अपने पति संदीप सिंह और दो बेटियों के साथ पिछले महीने महाकुम्भ के इस शिविर में सेवा करने आयी थी. उन्होंने कहा कि 'एक दिन बेटी ने कहा कि वह साध्वी बनना चाहती है. इसे प्रभु की इच्छा मानकर हमने कोई विरोध नहीं किया.' रीमा सिंह ने बताया कि बेटी राखी और आठ वर्षीय निक्की को पढ़ाने के लिए ही उन्होंने आगरा शहर में किराये का मकान लिया और पति वहां पेठा का कारखाना चलाते हैं. उन्होंने बताया कि उनकी बेटी राखी का सपना आईएएस अधिकारी बनने का था, लेकिन महाकुम्भ मेले में अचानक उसके मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया। जूना अखाड़ा के महंत कौशल गिरि ने बताया कि परिवार ने बिना किसी दबाव के बेटी का दान किया है. उन्होंने कहा कि 'संदीप सिंह ढाकरे और उनकी पत्नी काफी समय से उनसे जुड़े हैं. परिवार की इच्छा से राखी को आश्रम में स्वीकार किया गया है और अब वह गौरी गिरि नाम से जानी जाएगी।' यह पूछने पर कि क्या उन्हें बेटी की चिंता नहीं सताएगी, रीमा सिंह ने कहा कि 'मां होने के कारण यह चिंता हमेशा रहेगी कि उनकी बेटी कहां और कैसी है।

दीमा हसाओ में कोयला खदान से निकला एक शव, आठ श्रमिक अब भी फंसे

गुवाहाटी। असम के पास दीमा हसाओ जिले में सोमवार को कोयला खदान में पानी भरने के बाद नौ श्रमिक फंस गए थे। बुधवार सुबह सेना और एनडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान के दौरान खदान से एक शव बरामद किया। खदान में अभी भी आठ श्रमिक फंसे हुए हैं। इसके बाद सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान तेज कर दिया है।

दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो के तीन किलो क्षेत्र में कोयला खदान में सोमवार को 300 फीट गहरे खदान में अचानक पानी भर गया था। इस खदान में नौ श्रमिक फंस गए थे। इसके बाद भारतीय सेना और स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने त्वरित और प्रभावी तरीके से बचाव अभियान की शुरुआत की। मंगलवार शाम को बचाव अभियान को रोक दिया गया था। बुधवार सुबह इसे फिर से शुरू किया गया। इसके बाद बचाव टीमों ने खदान से एक शव बरामद किया।

सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि 21 पैरा गोताखोरों ने खदान से एक शव बरामद किया है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। वहीं एनडीआरएफके कमांडेंट एन तिवारी ने बताया कि श्रमिकों को निकालने के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। जल्द ही हम श्रमिकों तक पहुंच जाएंगे। अभी सेना की टीम यहां काम कर रही है। नौसैनिक भी यहां पहुंच गए हैं।

वहीं खदान में काम करने वाले एक श्रमिक ने बताया कि मेरा भाई खदान में फंसा है। खदान में अचानक लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि पानी भर रहा है। 30-35 लोग बाहर आ गए और 15-16 लोग फंस गए।

दीमा हसाओ में कोयला खदान में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए नौसेना की टीम पहुंच गई है। नौसेना की इस विशेष टीम में एक अधिकारी और ग्यारह नाविक शामिल हैं, जिनमें गहरे पानी में डाइविंग और रिकवरी ऑपरेशन्स में प्रशिक्षित क्लियरेंस डाइवर्स शामिल हैं। गुवाहाटी में भारतीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ले. कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि टीम इस संवेदनशील और महत्वपूर्ण मिशन के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसमें गहरे पानी में डाइविंग के उपकरण और खोज एवं बचाव कार्य के लिए अंडरवाटर रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स जैसे विशेष उपकरण शामिल हैं। यह प्रयास भारतीय सेना, एनडीआरएफ और स्थानीय नागरिक प्रशासन के साथ करीबी समन्वय में किया जा रहा है, ताकि त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

'राजनीतिक फायदे के लिए लगाए जा रहे आरोप' : सीएम स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु में अन्ना विश्वविद्यालय में छात्रा से दुष्कर्म का मामला काफी गरमाया हुआ है। तमिलनाडु विधानसभा में भी विपक्ष इसे लेकर सरकार पर हमलावर है। बुधवार को इस मुद्दे पर सीएम स्टालिन ने विधानसभा में बयान दिया और विपक्ष पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने ये माना कि आरोपी डीएमके समर्थक है, लेकिन वह पार्टी का कार्यकर्ता नहीं है।

जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर: कोर्ट ने सुनवाई के लिए तय की पांच मार्च की तारीख

संभल। संभल की जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद पर कोर्ट में सुनवाई हुई। जामा मस्जिद पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति स्थानीय कोर्ट में पेश की। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार अभी इस मामले पर कोई सुनवाई नहीं हो सकती है। जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई पांच मार्च को तय की। बुधवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन चंदौसी की अदालत में जामा मस्जिद के अधिवक्ता शकील वारसी ने न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर की कॉपी पेश की। इसके बाद न्यायालय ने सुनवाई करते हुए अगली तारीख पांच मार्च नियत कर दी। इस दौरान जिला न्यायालय पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और पीएसी तैनात रही। एसआईटी के अधिवक्ता विष्णु शर्मा व श्रीगोपाल शर्मा ने कहा

कि न्यायालय में जो सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर की कॉपी दाखिल की गई है वह ना तो सर्टिफाइड है और ना ही शपथ पत्र के साथ दाखिल की गई है। राज्य सरकार और डीएम के अधिवक्ता प्रिंस शर्मा ने कहा कि इस आदेश में सर्वे करने व नए दायरे को मना किया है। इससे पहले दो जनवरी को संभल जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कोर्ट कमिश्नर ने अदालत में दाखिल की थी। इस रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में पेश किया गया था। कोर्ट कमिश्नर ने बताया कि सर्वे के दौरान शाही जामा मस्जिद में पाए गए साक्ष्यों के संबंध में 43 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट पेश की है। साथ ही पाए गए तथ्यों के समर्थन में लगभग 60 फोटो भी सर्वे रिपोर्ट के साथ न्यायालय में पेश किए गए। बृहस्पतिवार को न्यायालय में बंद लिफाफे में सर्वे की रिपोर्ट के साथ एक प्रार्थनापत्र भी दिया गया। इसमें उन्होंने सर्वे की तारीखों का हवाला दिया और समय पर रिपोर्ट न दाखिल करने का कारण तबीयत खराब होना बताया। साथ ही रिपोर्ट को पत्रावली पर लिए जाने की अनुमति मांगी। 19 नवंबर को न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी की अदालत में जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी और हरिशंकर जैन समेत आठ वादकारियों ने वाद दायर किया था।

जस्टिन ट्रूडो के खालिस्तान प्रेम से कनाडा पर खतरा, अंजाम भुगतेगी 'गोरी' आवाम

नई दिल्ली। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की गलती की सजा अब वहां की जनता भुगतेगी. अपनी कुर्सी बचाने के लिए ट्रूडो ने क्या-क्या नहीं किया. भारत से पंगा लिया. खालिस्तानियों पर प्रेम बरसाए. आखिरकार मिला क्या. कुछ नहीं. उल्टे उनकी कुर्सी चली गई. मगर बात इतने तक नहीं रुकी. जस्टिन ट्रूडो के खालिस्तानी आतंकियों का साथ देने का अंजाम अब कनाडा और वहां की गोरी आवाम भुगतने वाली है। जी हां, कनाडा में अब कट्टर

मुस्लिम उग्रवाद पनपने लगा है. दिलचस्प बात यह है कि इसके पीछे भी पाकिस्तान और उसकी जासूसी एजेंसी आईएसआई है।

कनाडा में जगह-जगह आतंकी संगठन के पोस्टर देखने को मिल रहे हैं. कनाडा में हिज़्ब-उत-तहरीर नाम का एक संगठन खुलेआम एक बड़ा आयोजन करने जा रहा है. इस आयोजन के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ बताया जाता है. कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों को मिल रही छूट के मद्देनजर अन्य आतंकवादी संगठन भी चाहते हैं कि उनका वर्चस्व धीरे-धीरे कनाडा में बढ़े. लिहाजा आतंकवादी सगठनों ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के माध्यम से खालिस्तानी आतंकवादियों से संपर्क साधा. धीरे-धीरे अपने लोगों को कनाडा के अलग-अलग स्थानों पर बसा दिया. अब यह संगठन पहली बार कनाडा के मिसिसॉगा में खुलेआम इस्लामी आंदोलन की शुरुआत करने जा रहा है। हिज़्ब उत-तहरीर को यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और कई अन्य देश एक आतंकवादी संगठन मानते हैं. हालांकि, कनाडा में यह समूह सीधे तौर पर अपने नाम से काम नहीं करता बल्कि किसी दूसरे नाम पर काम करता है।

सुपर डैम... **तिब्बत में भारतीय सीमा के पास बांध बनाने चीन की योजना को लेकर भारत सतर्क**

चीन के ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाने को लेकर भारत है सतर्क : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

आगरा। चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर सुपर डैम बनाने की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर हलचल मची हुई है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा है कि तिब्बत में भारत की सीमा के पास बांध बनाने की चीन की योजना को लेकर भारत सतर्क है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा है कि चीन को इसका ध्यान रखना होगा कि इससे भारत जैसे देशों के हितों को नुकसान न पहुंचे। ब्रह्मपुत्र पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की चीन की योजना पर भारत ने कहा है कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए जांच जारी रखेगा और जरूरी कदम उठाएगा।

रक्षा मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान बांध के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''भारत सरकार सतर्क है।'' उन्होंने चीन से यह सुनिश्चित करने की भी अपील की है कि ब्रह्मपुत्र के निचले बहाव वाले इलाकों के हितों को ऊपरी इलाकों में होने

वाली गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे। राजनाथ सिंह मंगलवार को यहां माध्यमिक शिक्षक संघ के मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज में आयोजित राज्य सम्मेलन में पहुंचे थे।

चीन ने दी है सफाई

गौरतलब है कि चीन ने पिछले महीने तिब्बत में भारत की सीमा के करीब ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के मुताबिक यह बांध हिमालय की पहुंच में एक विशाल घाटी पर बनाया जाएगा जहां से ब्रह्मपुत्र अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में पहुंचती है। इस सुपर डैम को लेकर कई तरह की चिंताएं सामने आई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे भारत को बाढ़ और सुख समेत कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि चीन की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि बांध से निचले क्षेत्रों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।

भारत हर क्षेत्र में कर रहा है प्रगति

राजनाथ सिंह ने इस मौके पर यह भी कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, ''पहले जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता था तो लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते थे, लेकिन अब जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। पहले वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी। अब भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर है और आने वाले ढाई साल में यह शीर्ष तीन देशों में शामिल होगी।''

शेख हसीना के बाद खालिदा जिया ने भी छोड़ा बांग्लादेश

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया मंगलवार को इलाज के लिए लिए लंदन रवाना हो गईं। शेख हसीना की सत्ता से बेदखली के बाद राजनीतिक उथल पुथल के दौर में जिया की विदेश यात्रा कई सवाल खड़ी करती है। सबसे अहम बात यह है कि देश की राजनीति पर कई दशकों तक हावी रहीं दो शीर्ष नेता अब विदेश में है. एक सवाल तो यही उठा कि क्या मोहम्मद यूनुस सरकार ने उनके खिलाफ भी तो कोई खेल नहीं कर दिया. हालांकि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का कहना है कि उनकी नेता की यात्रा मेडिकल कारणों से हो रही है और इसके राजनीतिक मायने नहीं निकाले जाए। पूर्व पीएम और आवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना को पिछले साल अगस्त में छात्र आंदोलन से उभरे आक्रोश के बाद सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था. इसके बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया जो फिलहाल देश का सत्ता संभाल रही है।

सामान्य वर्ग से होगा कोटा और बिल्हा जनपद अध्यक्ष

जिला पंचायत सदस्य आरक्षण का फैसला, महिलाओं के लिए 10 सीट आरक्षित

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्यालय स्थित मंथन सभागार में एडिश्नल कलेक्टर शिव कुमार बनर्जी समेत प्रशासन के आलाधिकारियों ने जिला पंचायत सदस्यों समेत जनपद पंचायत अध्यक्षों का आरक्षणवार सीट का एलान किया। शांति पूर्ण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। सबसे बड़ी बात की जिला पंचायत में एक मात्र अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रवाल, एसडीएम पीयूष तिवारी, जिला पंचायत अधिकारी शिवांगी सिंह और अशोक धीरही विशेष रूप से मौजूद थे। ठीक 12 बजे मंथन सभागार में एडिश्नल कलेक्टर शिव कुमार बनर्जी की अगुवाई में जिला पंचायत सदस्यों और जनपद अध्यक्षों के आरक्षण प्रक्रिया को पूरा किया गया। लाटरी सिस्टम से आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा किया गया। इस दौरान पुराने आरक्षण के पदों को हटाकर आरक्षण प्रक्रिया का पालन किया गया। वार्डवार स्थिति इस तरह है- वार्ड क्रमांक-1 बिल्हा क्षेत्र अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक-2 बिल्हा क्षेत्र अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्रमांक-3 बिल्हा क्षेत्र महिला सामान्य वर्ग, वार्ड क्रमांक-4 बिल्हा क्षेत्र महिला सामान्य वर्ग, वार्ड क्रमांक-5 बिल्हा क्षेत्र सामान्य मुक्त, वार्ड क्रमांक- 6 तखतपुर क्षेत्र महिला सामान्य, वार्ड क्रमांक-7 तखतपुर सामान्य वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक-8 तखतपुर सामान्य वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक-9 तखतपुर महिला सामान्य वर्ग, वार्ड क्रमांक-10 मस्तूरी क्षेत्र सामान्य मुक्त, वार्ड क्रमांक-11 मस्तूरी क्षेत्र महिला अनुसूचित जाति, वार्ड क्रमांक-12 मस्तूरी अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्रमांक-13 मस्तूरी क्षेत्र अनुसूचित जाति महिला, वार्ड क्रमांक-14 मस्तूरी क्षेत्र सामान्य वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक- 15 कोटा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक- 16 कोटा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड क्रमांक-17 कोटा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति महिला।

जिला पंचायत सदस्यों का आरक्षण

जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिव कुमार बनर्जी ने जिला पंचायत के कुल 17 सदस्यों के भाग्य का फैसला किया। लाटरी सिस्टम से ही आरक्षण प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। इस दौरान शिव कुमार ने अनुसूचित जाति के लिए चार, जनजाति के लिए तीन, अल्प पिछड़ा वर्ग के लिए एक सीट का एलान किया। साथ ही 9 सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया। कुल दस सीट महिलाओं के लिए सुरक्षित रखा गया है।

जनपद अध्यक्षों की स्थिति

लाटरी सिस्टम का पालन करते हुए एडिश्वनल कलेक्टर शिवकुमार ने जनपद अध्यक्षों की आरक्षण सूची जारी किया। उन्होने बताया कि तखतपुर जनपद अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित होगा। बिल्हा जनपद अध्यक्ष का पद सामान्य वर्ग का होगा। मस्तूरी जनपद अध्यक्ष पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए सुरक्षित रखा गया है। जबकि कोटा जनपद अध्यक्ष सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित होगा।

न्यूज गैलरी

भाजपा जिलाध्यक्ष का उत्तर मंडल में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त युवा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर का मंडल का दौरा प्रारंभ हो चुका है। इसी क्रम मे आज उत्तर मंडल, सरकंडा पहुंच कर कार्यकर्ताओ से मुलाकात करते हुए संगठन की मजबूती व आने वाले नगरीय निकाय चुनाव हेतु सभी उम्मीदवार को जीता कर निगम भेजने की बात करते हुए बीजेपी को मजबूत करने की बात कही। विदित हो दीपक सिंह छात्र राजनीति करते हुए अभाविप को छात्र संघ चुनाव मे जीत का परचम लहराया। बिलासपुर को ज़ब मंडल में विभाजित किया गया तब पूर्वी मंडल के प्रथम युवा मोर्चा अध्यक्ष बने अपने उत्कृष्ट कार्यों के इनाम के रूप मे जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा बनाये गए। कर्मठ क्रियाशील जन नायक जमीन से जुड़ कर लगातार कार्य करते रहे जिसके परिणाम स्वरुप उन्हें जिलाध्यक्ष बीजेपी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बिलासपुर पुलिस ने वर्ष 2024 की गिनाई उपलब्धियां

2025 में नशा, साइबर फ्रॉड और सड़क दुर्घटना रोकने के लिए होगा काम: आईजी

बिलासपुर/नवप्रदेश। वर्ष 2024 में पुलिस ने अपराधों पर नियंत्रण और शांति व्यवस्था कायम करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। गंभीर अपराधों के आरोपियों को गिरफ्तार करने से लेकर सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन तक, पुलिस ने प्रभावी कदम उठाए। अपराध की रोकथाम, नशा व्यापार के विरुद्ध कार्रवाई, साइबर अपराधों पर नियंत्रण, और जनजागरूकता अभियान जैसे पहलुओं पर पुलिस का ध्यान केंद्रित रहा।

वर्ष 2024 की शुरुआत में 1,354 लंबित अपराधों के अतिरिक्त 13,127 नए अपराध दर्ज किए गए, जिनमें से 14,481 मामलों में से केवल 8.83त्न ही वर्तमान में लंबित हैं। यह त्वरित कार्रवाई और विवेचना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने रात्रि गश्त में सख्ती बरती, 45 प्वाइंट्स पर सुरक्षा बल तैनात किए गए, और आपात स्थितियों से निपटने के लिए अधिकारी तैयार रहे। बिलासपुर पुलिस ने नशे के व्यापार और इसके नेटवर्क को समाप्त करने के लिए प्रभावी अभियान चलाए। नशे के सौदागरों की संपत्ति जब्त- नशीले पदार्थों के आदतन तस्करों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई प्रदेश में पहली बार की गई। विभिन्न मामलों में लाखों की नशीली सामग्री जब्त कर अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मादक पदार्थों की आपूर्ति रोकने के लिए प्रमुख मार्गों पर जांच अभियान चलाए गए। स्कूल-कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए नशे के दुष्प्रभावों पर लोगों को शिक्षित किया गया। बिलासपुर पुलिस ने साइबर अपराधों के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ अन्ना रेड्डी सट्टा ऐप चलाने वाले अभियुक्तों से करोड़ों का अवैध धन और उपकरण बरामद किए गए। साइबर ठगी के मामलों में कार्रवाई- तकनीकी साधनों और विवेचना के माध्यम से अंतर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय गिरोहों का पर्दाफाश किया गया।

महत्वपूर्ण उपलब्धियां

आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई 217 प्रकरणों में 6 पिस्टल, 10 देशी कट्टे, और अन्य धारदार हथियार जब्त। गुंडा फाइल तैयार– 90 बदमाशों की नई फाइलें तैयार कर सख्त निगरानी रखी गई। ऑपरेशन स्ट्रीट– हर थाना क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग कर आम जनता तक पुलिस की पहुंच सुनिश्चित की गई। बिलासपुर पुलिस की 2024 की कार्यवाहियों ने अपराध नियंत्रण और सामाजिक सुधार की दिशा में एक मिसाल पेश की। नशे, संगठित अपराध, और साइबर फ्रॉड के विरुद्ध जारी यह जंग एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज की नींव रखती है। पुलिस के समर्पण और जन भागीदारी से अतुलनीय बिलासपुर, सुरक्षित बिलासपुर का सपना साकार हो रहा है।

पटनायक एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव निर्वाचित

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, व्यापार विहार के लिए यह गर्व और आनंद का क्षण है, क्योंकि स्कूलों की इस प्रतिष्ठित श्रृंखला के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. जी. एस. पटनायक, को चंडीगढ़ में आयोजित चुनावों में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ संयुक्त सचिव के रूप में निर्वाचित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित पद डॉ. पटनायक के शिक्षा, खेल और समग्र विकास के प्रति अटूट निष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अपनी उत्कृष्ट नेतृत्व शैली और प्रेरणादायक दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध, डॉ. पटनायक ने हमेशा सेंट जेवियर्स परिवार को उच्चतम मानकों की ओर अग्रसर किया है। सेंट जेवियर्स परिवार की ओर से डॉ. पटनायक को इस असाधारण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी गई है। उनकी यह सफलता न केवल उनकी गौरवशाली यात्रा में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ती है, बल्कि पूरे क्षेत्र को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित करती है। उनकी यह उपलब्धि उनके नेतृत्व और समर्पण की साक्षी है। सेंट जेवियर्स परिवार की ओर से उन्हें इस ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। आपने एक बार फिर जेवियर्स परिवार को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया।

फाइलेरिया से बचने के उपायों व बीमारी होने के कारणों पर प्रशिक्षण

- **सिम्स में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन के तहत कार्यक्रम आयोजित**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स के कम्युनिटी मेडिसीन विभाग द्वारा राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन विषय पर प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रजलित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिम्स अधिश्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति व विशिष्ट अतिथि डॉ. बी.पी. सिंह (चिकित्सा अधीक्षक, सुपर स्पेशिलिटी) व डॉ. लखन सिंह (चिकित्सा अधीक्षक, सिम्स) उपस्थित रहे। सामूहिक दवा सेवन विषय पर व्याख्यान डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. स्नेहा श्री द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम से सिम्स संस्थान के चिकित्साक्षक डॉ पंकज, डॉ संगीता जोगी, डॉ ए आर बेन, डॉ अर्चना सिंह एवं जूनियर डॉक्टर, इंटर्न लाभान्वित हुए। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय हाथीपॉव उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन 10 फरवरी से 28 फरवरी तक किया जाना है, जिसमें भारत सरकार द्वारा हाथीपॉव रोग जैसी घातक बीमारी से बचने के लिए मुक्त दवा वितरण एवं इस बीमारी से बचने के उपायों एवं बीमारी होने के कारणों को भी बताया जाता है। हाथीपॉव रोग मच्छरो के काटने से होता है। अंत में कम्युनिटी मेडिसीन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता ठाकुर ने इस घातक बीमारी से बचने के लिए जन सहयोग एवं बीमारी के प्रति जन-जागरूकता पर बल दिया।

कम्युनिटी मेडिसीन विभाग का सामूहिक दवा सेवन 10 फरवरी से

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत कम्युनिटी मेडिसीन विभाग सिम्स के द्वारा सामूहिक दवा सेवन बूथ 10 फरवरी से 28 फरवरी तक यू.एच.टी.सी. यदुनंदन नगर/आर.एच.टी.सी. सीपत एवं सिम्स अस्पताल परिसर में संचालित किया जावेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के डॉ विवेक, डॉ समीर, डॉ सुचिता, डॉ श्रुति, डॉ डार्विन, डॉ नसरीन, डॉ सचिन, डॉ प्रवीण, डॉ नथानी, डॉ मधु, डॉ रवि, डॉ विनोद का महत्तवपूर्ण योगदान रहा।

सीएमडी कॉलेज में भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीएमडी कालेज केन्द्र क. 201 के नयी शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के तहत् बी.ए. प्रथम सेमेस्टर भूगोल के नियमित (रेगूलर) एवं स्वाध्यायी (प्राईवेट) (जी.ई. भूगोल) की प्रायोगिक परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा 10 जनवरी को विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार किया जाना है। जिसका समय प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक बाह्य परीक्षक द्वारा ली जायेगी। अतः सभी परीक्षार्थी समय सारिणी को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित हों।

सिटी और इंटरसिटी बसों की हालत खस्ताहाल

- **हाईकोर्ट ने राज्य शासन से मांगा जवाब**

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में सिटी और इंटरसिटी बसों की जर्जर हालत को लेकर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी। इस मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ने पूरी योजना प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा।

हाईकोर्ट ने यह अनुरोध स्वीकार कर अगली सुनवाई की तिथि 17 जनवरी निर्धारित की है। बिलासपुर में सिटी बसों की खस्ताहाल स्थिति और प्रदेश में संचालित अंतर-नगरीय बस सेवाओं को लेकर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने पूछा था कि इन खटारा बसों के संबंध में शासन क्या कदम उठा रहा है। तब शासन ने बताया था कि केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट शहर परियोजना के तहत बड़ी संख्या में इलेक्ट्रानिक बसें उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो दिसंबर माह से बिलासपुर में भी चलाई जाएंगी। मंगलवार की सुनवाई में अतिरिक्त महाधिवक्ता ने अदालत को जानकारी दी कि बस संचालकों को टैक्स में कई छूटें दी गई हैं और नई योजना के तहत इलेक्ट्रानिक बसें इसी वर्ष के अंत से शुरू होंगी। कोर्ट ने अंतर-नगरीय बस सेवाओं की स्थिति, टैरिफ और स्क्रैप में पड़ी खटारा बसों को लेकर भी सवाल किए। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने बताया कि इन मुद्दों पर सरकार कार्ययोजना तैयार कर रही है और इसके लिए समय की आवश्यकता है। कोर्ट ने समय देते हुए निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में विस्तृत कार्ययोजना पेश की जाए। मामले की अगली सुनवाई 17 जनवरी को होगी।

मनवा कुर्मी समाज ने चैतुरगढ़ में मनाया नववर्ष मिलन समारोह

बिलासपुर/नवप्रदेश। मनवा कुर्मी समाज नगर इकाई बिलासपुर के सदस्यों का नव वर्ष मिलन के उपलक्ष्य में चैतुरगढ़ मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर पिकनिक आयोजित किया गया था, जाने के लिए बस की व्यवस्था रखी गई थी जिसमे गाते बजाते मस्त मजे कर निर्धारित समय पर पहुँच कर,आगे का सफर पैदल साथ साथ चढाई को जिसमें सब ने पहाड़ों पर माता का जयकारा लगाते हुए दर्शन के लिए पहुंचे और प्रकृति के मनोरम दृश्य का आनंद लिए सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी और बच्चों के लिए ड्राइंग के अलावा कपल गेम महिलाओं का हाउजी में गिफ्ट एवं प्रतियोगिता में इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया और समाज के पिकनिक होने के कारण बहुत से परिवारों का आपस में मेल मिलाप से माहौल आनंदमयी व अविस्मरणीय रहा पिकनिक स्थल पर ही भोजन बनाकर खाने की व्यवस्था रही जिससे वन भोज सार्थक रहा एवं सब का साथ विशेष रूप से महिलाओं का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम मे रामकुमार वर्मा, भीष्म टिकरिया, ज्ञाना राम वर्मा सुरेश, मनीष, राजेश, चंद्रशेखर, विजय कुमार, प्रहलाद, कामेश एवं महिलाओं में उषा वर्मा, सीमा कश्यप, राधा वर्मा, मनीष नायक, मधु वर्मा, शकुंतला, विजयलक्ष्मी, सरिता चंद्रवंशी, प्रेमलता सहित एवं अन्य सामाजिक सदस्य गण उपस्थित रहे।

बच्चों व महिलाओं के लिए हुए विविध आयोजन

रेलवे क्षेत्र के बंद रास्ते खोलने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। सर्वदलीय एवं जन संगठनो का संयुक्त मंच संयोजक के नेतृत्व मे बिलासपुर जिला कलेक्टर से मिला और 13 दिसम्बर को दिए गई ज्ञापन पर चर्चा किया। रेल प्रशासन द्वारा कई सड़कें पिछले छह माह से बंद कर दी गई है, उस पर विशेष रूप से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को विशेष रूप यह जानकारी दी गई 2 जनवरी 2024 को वर्तमान मंडल रेल प्रबंधक से सौहार्द भेंट की गई एवं लंबे समय से बंद रास्ते को खोलने के विषय पर चर्चा हुई द्य जिस। पर मंडल रेल प्रबंधक ने आश्वासन दिया कि उन्हें रास्ता खोलने के लिए कोई आपत्ति नही है। इसके पहले केके मिश्रा को रेल्वे स्कूल के सेवानिवृत्त को स्कूल मैनेजर पद से हटाने की मांग को रेल्वे प्रशासन ने पूरा किया, जिसके लिए रेल्वे प्रशासन बधाई की पात्र है। जिला कलेक्टर ने चर्चा के दौरान यह आश्वासन दिया कि रेल प्रशासन से बात कर बहुत जल्द ही रास्ता खुलवाने की व्यवस्था करेगें।

जयंती...

मां कर्मा के नाम पर डाक टिकट जारी करवाने के लिए साहू संघ ने राज्यमंत्री तोखन साहू को किया सम्मानित

राजिम माता का जीवन हमें भक्ति, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देती है: तोखन साहू

बिलासपुर /नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद ने आज भक्त माता राजीम जंयती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजिम पहुंचे। जहां श्री साहू को मां कर्मा के नाम पर डाक टिकट जारी करवाने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में समाज को संबोधित करते हुए श्री साहू ने भगवान श्री राजीव लोचन की अनन्य भक्त, राजिम भक्तिन माता त्याग और तपस्या की गाथा को उपस्थित लोगों से साझा किये। साथ ही श्री साहू ने कहा माता राजीम साहू समाज की गौरव होने के साथ-साथ समस्त मानव समाज के लिए आदर्श हैं जिनके समाजिक संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। आज मां राजीम की कृपा से छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के नाम से राजीम को प्रसिद्धी मिली है।राजीम में महानदी, पैरी और सोढुर नदी के किनार मां राजीव लोचन का मंदिर है जिनके आशीर्वाद है क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि है। भगवान कुलेश्वर महादेव का मंदिर का भी आशीर्वाद भक्तों को मिल रहा है। कलचुरी राजा जगपाल देव के शिलालेख में माता का उल्लेख कि राजीम शहर का नाम भक्त माता राजीम के नाम पर पड़ा है। साहू ने प्रभु राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव एवं माता राजीम से देशवासियों की खुशहाली और उन्नति का आशीर्वाद मांगे।

देशवासियों की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू पहुंचे श्रीमद्भागवत पुराण सुनने। जैनम मानस रायपुर में श्रीमद् भागवत पुराण का आयोजन किया गया है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई ओझा के मुखारविंद से श्रद्धालु भागवत पुराण का रसपान कर रहे हैं। उक्त भागवत पुराण में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू कथा सुनने पहुंचे। श्री साहू ने कहा कि सत्संग के माध्यम से व्यक्ति समाज और राष्ट्र कल्याण एवं उन्नति का मार्ग श्रीमद्भागवत रुपी सूर्य के आलोक में प्रशस्त हो रहा है। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी से देशवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना किये।

सुविचार

सफल वे लोग होते हैं जो अपने आज का समझदारी से इस्तेमाल करते हैं क्योंकि कल कभी आता नहीं और आज कभी जाता नहीं। - अज्ञात

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा

चुनाव आयोग ने नई दिल्ली विधाानसभा चुनाव तारीख का ऐलान कर दिया है। 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को नतीजे घोषित किये जाएंगे। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही वहां राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी दंगल जीतने के लिए दांव पेंच अजामाने शुरू कर दिये है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए इस बार का चुनाव आसान नहीं है। पिछले एक दशक के शासनकाल में उनकी सरकार कई मोर्चो पर विफल रही है। नतीजतन उन्हें एन्टीइंनकमबेन्सी का डर सता रहा है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस आम आदमी पार्टी की नाकामियों को जनता तक पहुंचाने में जुटी हुई है। जबकि आम आदमी पार्टी अपनी उपलब्धियों का बखान कर रही है। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल ने 2015 के विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना को साफ करने का वादा किया था लेकिन दस सालों के शासन के बावजूद वे यमुना नदी को साफ नहीं करा पाए। जबकि यमुना की सफाई के नाम पर करोड़ों रूपये फूंक दिये गये है। यमुना की सफाई को भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही बड़ा मुद्दा बना दिया है। इसी तरह नई दिल्ली में हर ठंड के मौसम में प्रदूषण की विकराल समस्या, गर्मी के मौसम में भीषण पेयजल संकट की स्थिति तथा बरसात के मौसम में नई दिल्ली में उत्पन्न होने वाले बाढ़ के हालात को लेकर भाजपा और कांग्रेस आम आदमी पार्टी को घेर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास शीशमहल को लेकर भी आम आदमी पार्टी को निशाने पर लिया जा रहा है। नई दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले सहित अन्य घोटालों को लेकर भी आम आदमी पार्टी आरोपों के घेरे में है। जाहिर है ऐसी स्थिति में अरविंद केजरीवाल के लिए यह चुनाव अग्नि परीक्षा साबित होंगे। अरविंद केजरीवाल यह बात भलीभांति समझ रहे हैं। यही वजह है कि उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से बहुत पहले ही चुनावी तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने खुद नई दिल्ली विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली लोकलुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी। यही नहीं बल्कि सबसे पहले उन्होंने ही विधानसभा की सभी 70 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी और ये सभी प्रत्याशी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी तैयारी करने में जुट गये हैं। इस तरह चुनावी तैयारी में तो आम आदमी पार्टी ने बाजी मार ली है। जबकि भाजपा और कांग्रेस के अभी तक सभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुए हैं। बेशक आम आदमी पार्टी ने चुनावी तैयारी में भाजपा और कांग्रेस को पछाड़ दिया है लेकिन अब आगे की राह उसके लिए कठिन लग रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि इस बार नई दिल्ली में त्रिकोणीय संघर्ष से आसार नजर आ रहे हैं। पिछले दो विधानसभा चुनाव के मुकाबले कांग्रेस इस चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़ रही है जिससे भाजपा विरोधी वोटों के बंटने का खतरा पैदा हो गया है। यही अरविंद केजरीवाल के लिए परेशानी का सबसे बड़ा सबब है। गौरतलब है कि पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर पहल की गई थी। और पिछले लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव भी एक साथ मिलकर लड़ने का मन बनाया गया था लेकिन दिल्ली कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी हाईकमान पर दबाव बना दिया की कांग्रेस को अलग होकर चुनाव लड़ना चाहिए। क्योंकि लोकसभा चुनाव में एक साथ चुनाव लड़ने के बावजूद भाजपा ने सभी सात सीटें जीत ली थी। इसके बाद कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से गठजोड़ न करके अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी हो गई है। कांग्रेस की पहली जारी होने के बाद से ही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई थी। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने तीखे तेवर दिखाते हुए कांग्रेस को आईएनडीआईए से अलग करने की मुहिम चलाने का भी ऐलान कर दिया था। इसी से स्पष्ट है कि इस बार नई दिल्ली में त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। ऐसे में चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा इस बारे में फिलहाल कुछ भी कह पाना मुश्किल है। रही बात भाजपा की तो वह पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों के अनुसार अपनी जीत के प्रति आश्वस्त है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को नई दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 52 सीटों पर बढ़त मिली थी। जबकि आम आदमी पार्टी को दस सीटों पर और कांग्रेस को 8 सीटों पर बढ़त मिली थी। यदि भाजपा विधानसभा चुनाव में भी अपनी यही स्थिति बरकरार रखने में सफल हो जाती है तो भाजपा अपनी सरकार बना सकती है। वैसे भाजपा ने भी नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकना शुरू कर दी है। भाजपा का माइन्स प्वाइंट यह है कि भाजपा ने मुख्यमंत्री का चेहरा अभी तक तय नहीं किया है। ऐसे में भाजपा के लिए भी चुनौती आसान नहीं है। बहरहाल अभी तो चुनावों की तारीखों का ऐलान ही हुआ है। अब आगे तीनों ही पार्टियां क्या रणनीति बनाती है और इस चुनावी दंगल को क्या रूप देती है यह देखना दिलचस्प होगा।

कॉर्पोरेट बस्तर के सेप्टिक टैंक में दफ़्न 'लोकतंत्र'

संजय पराते

सलवा जुडूम ने समाज के अंदर अपराधियों की फौज को तैयार किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे प्रतिबंधित करने के बाद भी आज भी यह अलग अलग रूपों में यह चल रहा है। सलवा जुडूम में जो एसपीओ बनाए गए थे, वे सभी पूर्व-नक्सली थे या नक्सली गतिविधियों से उनका घनिष्ठ संबंध रहा है। सलवा जुडूम ने नक्सलियों से जुड़े असामाजिक तत्वों द्वारा लूटपाट के अवैध कामों को वैधता देने का काम भी किया है। सुरेश चंद्राकर भी एसपीओ था और यह तय है कि आज भी नक्सलियों से उसके संबंध हैं। बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में इस संबंध के बिना कथित विकास का कोई काम नहीं हो सकता। यह भूतपूर्व नक्सली और वर्तमान सलवा जुडूम की अवैध संतान आज पूरे बस्तर को रौंदने की ताकत रखता है, तो कांग्रेस और भाजपा दोनों अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती।

यदि पत्रकारिता लोकतंत्र की जननी है या पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं, तो यकीन मानिए, 3 जनवरी की रात वह बस्तर के बीजापुर में एक राज्य-पोषित ठेकेदार के सेप्टिक टैंक में दफ्न मिली। लोकतंत्र की इस मौत पर अब आप शोक सभाएं कर सकते हैं, श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

जी हां, हम बात उस नौजवान की कर रहे हैं, जिसकी पत्रकारिता उसकी मौत के बाद भी कब्र से खड़ी होकर कांग्रेस-भाजपा को कटघरे में खड़ी कर रही है। हम बात उस मुकेश चंद्राकर की कर रहे हैं, जिसे 'इंडियन एक्सप्रेस' ने एक पत्रकार के रूप में ही पहचानने से इंकार कर दिया। हम बात उस नौजवान पत्रकार की कर रहे हैं, जिसकी मौत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि पूरी दुनिया में भारत को 'फ्लॉड डेमोक्रेसी' का दर्जा क्यों मिला हुआ है। पूरी दुनिया जब नव वर्ष का स्वागत कर रही थी, इस आशा के साथ कि नया साल मानवता के लिए पिछले से कुछ बेहतर, और बहुत बेहतर होगा ; छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर क्षेत्र के बीजापुर में पूरी खामोशी और योजनाबद्ध तरीके से नर-पिशाचों द्वारा मुकेश चंद्राकर के रूप में लोकतंत्र को सेप्टिक टैंक में दफ्न किया जा रहा था। ये वे नर पिशाच थे, जिन्हें 'दैनिक भास्कर' जैसा कॉरपोरेट मीडिया उनके कुकर्मों पर पर्दा डालने के लिए इस ब्रह्मांड के सबसे बड़े समाजसेवी, सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा, उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण के प्रणेता के रूप में प्रस्तुत कर रहा था।

मुकेश चंद्राकर की हत्या ने बता दिया है कि क्रोनी कैपिटलिज़्म (परजीवी पूंजीवाद) ने जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर अडानी-अंबानी पैदा किए हैं, उसी तरह उसने स्थानीय स्तर पर भी जिन अडानियों-अंबानियों को पैदा किया है, उनमें से एक सुरेश चंद्राकर है। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का मुख्य आरोपी वह व्यक्ति है, जिसे कांग्रेस-भाजपा ने बस्तर की लूट को सहज और निर्बाध बनाने के लिए अपनी सत्ता की ताकत का सहारा देकर पैदा किया है। आदिवासी विरोधी और मानवाधिकार विरोधी राज्य-प्रायोजित सलवा जुडूम ने जिन अपराधियों को पाला-पोसा-पनपाया है, सुरेश चंद्राकर उनमें से एक हैं। कुछ महीने पहले बाप्पी रॉय और उसके साथियों को रेत माफिआओं के खिलाफरिपोर्टिंग करने पर गांजा तस्करी में फंसाने की कोशिश हुई थी। इस मामले में भी हमने पी. विजय जैसे एक और नर पिशाच को देखा था, जो सलवा जुडूम की ही उपज था और इस जुडूम के (खल)नायक एसआरपी कल्लूरी से जिसकी घनिष्ठता किसी से छुपी हुई नहीं है। इसी रेत माफिया ने पत्रकार कमल शुक्ला पर जानलेवा हमला किया था, जिसके वीडियो फुटेज आज भी हवा में तैर रहे हैं। लेकिन किसी हमलावार पर आज तक फैसलाकुन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इन अपराधियों के साथ तब के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के व्यक्तिगत और सांगठनिक संबंध आज भी कायम है। इन अपराधियों के इसी स्तर के संबंध अब भाजपा से भी बन चुके हैं। पूरे प्रदेश में ये अपराधी आज हत्यारे गिरोह में तब्दील हो चुके हैं। अब क्रोनी कैपिटलिज़्म अडानी-अंबानी पैदा करने वाली एक आर्थिक प्रक्रिया ही नहीं है, एक राजनैतिक प्रक्रिया भी है, जो लोकतंत्र को सेप्टिक टैंक में दफ्न करने की ताकत रखती है।

छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पिछले 24 सालों में बस्तर में कई लाख करोड़ का खेल हो चुका है और यह सब विकास के नाम पर हुआ है। इसलिए 120 करोड़ का सड़क घोटाला कोई मायने नहीं रखता। बस्तर के विकास के लिए केंद्र से लेकर राज्य तक (चाहे किसी भी जगह सरकार कांग्रेस की रही हो या भाजपा की) और राजनेता से लेकर अधिकारी और ठेकेदार तक कमर कसे हुए हैं। बस्तर के विकास के लिए 6-लेनी सड़क चाहिए और सड़क बनाने के लिए फोर्स चाहिए। बस्तर के विकास के लिए नक्सल उन्मूलन की जरूरत है और इसके लिए फोर्स चाहिए। बस्तर के विकास के लिए संसाधनों का दोहन जरूरी है, इसके लिए कॉर्पोरेट चाहिए और इसके लिए भी फोर्स चाहिए। लेकिन बस्तर के विकास के लिए आदिवासी नहीं चाहिए, उनके लिए हॉस्पिटल, स्कूल, आंगनबाड़ी नहीं चाहिए। यदि विकास के नाम पर इन सबकी, दिखावे के लिए ही सही, कभी-कभार चिंता जताई जाएं, तो इसके लिए भी फोर्स चाहिए। सोशल मीडिया में अपनी टिप्पणी में पत्रकार सौमित्र रॉय ने ठीक ही लिखा है -- यह भयानक विकास है। अपराधियों की सत्ता का विकास। सत्ता को तेल लगाने वालों का विकास और गरीब आदिवासियों की हक की बात करने वालों का विनाश। 'कॉर्पोरेट बस्तर' की यही सच्चाई है। इसी सच्चाई को अपनी त्वरित टिप्पणी में माकपा नेता बादल सरोज ने कुछ यूं बयान किया है -- बस्तर सचमुच में एक जंक्शन बना हुआ है ; एक ऐसा जंक्शन जहां के सारे मार्ग बंद हैं : माओवाद का हौवा दिखाकर लोकतंत्र की तरफ जाने वाला रास्ता ब्लॉक किया जा चुका है। कानून के राज की तरफ जाने वाली पटरियां उखाड़ी जा चुकी हैं। संविधान नाम की चिड़िया बस्तर से खदेड़ी जा चुकी है। अब सिर्फएक तरफकी लाइन चालू है : आदिवासियों की लूट, उन पर अत्याचार, सरकारी संपदा की लूट और उसके खिलाफआवाज उठाने वालों का क़त्ल करने की छूट।

जिस सरकार का काम है पत्रकारों को सुरक्षा देना, उस सरकार का सुरक्षा चक्र यदि हत्यारों के पास में है, तो हम अंदाजा लगा सकते हैं कि हमारे देश और छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र की स्थिति कितनी बदतर है। छत्तीसगढ़ निर्माण के 24 साल बाद भी पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कांग्रेस-भाजपा एक प्रभावशाली कानून बनाने और उसे लागू करने में विफल रही है, तो इसलिए कि न तो कांग्रेस की, और न ही भाजपा की पत्रकारों को सुरक्षा देने में कोई दिलचस्पी रही है। एक विपक्षी पार्टी के रूप में उन्होंने केवल पत्रकारों को भरमाने का और सत्ता में चढ़कर गोदी-भोंपू मीडिया पनपाने ही काम किया है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में पत्रकारों पर हमले लगातार बढ़ रहे हैं।

'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट' के अनुसार, 2005-24 के बीच जिन देशों में सबसे ज्यादा पत्रकार मारे गए हैं, उनमें भारत का स्थान 7वां है। 2014 से अब तक हमारे देश में 28 पत्रकार मारे गए हैं। 2025 में हत्यारों का पहला शिकार मुकेश चंद्राकर बना। न्यूयॉर्क स्थित एक संगठन की रिपोर्ट बताती है कि भारत में मई 2019 से अगस्त 2021 तक मोदी राज के 28 महीनों में पत्रकारों पर 256 हमले हुए हैं, याने हर महीने 9 से ज्यादा और हर तीन दिनों में कम से कम एक। पिछले 10 सालों में 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के पैमाने पर भारत 35 अंक नीचे गिर चुका है और आज वैश्विक प्रेस सूचकांक में हमारा स्थान 180 देशों में 142वें से फिसलकर 159वें पर आ गया है।

अमेरिकी रिपोर्टर वाल्टर लीलैंड के अनुसार : ÷स्वतंत्र पत्रकारिता लोकतंत्र की पहली शर्त है। बिना इसके सिर्फकिताबी लोकतंत्र बनाए जाते हैं, जो अक्सर चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा मिटा दिए जाते हैं और लोकतंत्र बस नाम के रूप में ही बच जाता है।÷ भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता की जगह अब उस कॉरपोरेट मीडिया ने ले ली है, जिसे अक्सर गोदी मीडिया के रूप में पहचाना जाता है। सलवा जुडूम और क्रोनी कैपिटलिज़्म के जरिए जिस कॉर्पोरेट बस्तर को विकसित करने की कोशिश की जा रही है, वह लोकतंत्र को सेप्टिक टैंक में दफ्नाकर ही पनप सकता है।

लेकिन बस्तर की जन पक्षधर पत्रकारिता और उसकी रंग-बिरंगी छवियां मुकेश-युकेश भाईयों, कमल शुक्ला, बाप्पी रॉय, रितेश पांडे, रानू तिवारी, मालिनी सुब्रमण्यम आदि से मिलकर बनती है, जिसे कुचलकर नहीं मारा जा सकता। मुकेश की हत्या के बाद भी उसकी पत्रकारिता कॉर्पोरेट तंत्र, उसकी मीडिया और नर-पिशाचों के सामने तनकर खड़ी है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1768 में 9 जनवरी के दिन ही फिलिप एस्टले ने पहले 'मॉर्डन सर्कस' का प्रदर्शन किया था। 1792 में आज ही के दिन तुर्की और रूस ने शांति समझौते पर साइन किए थे।1811 में 9 जनवरी के दिन ही विश्व में पहली बार महिलाओं का पहला गोल्फटूर्नामेंट आयोजित किया गया था। 1816 में आज ही के दिन सर हम्फ्री डैवी ने खदानकर्मियों के लिए पहले 'डैवी लैम्प' का परीक्षण किया था। 1915 में 9 जनवरी के दिन ही महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद मुंबई पहुंचे थे। 1923 में आज ही के दिन जुआन डि ला सिएर्वा ने पहली 'ऑटोगायरो फ्लाइट' का निर्माण किया था। 1970 में 9 जनवरी के दिन ही सिंगापुर में संविधान को अपनाया गया था। 1982 में आज ही के दिन पहला भारतीय वैज्ञानिक दल अंटार्कटिका पहुंचा था। 2001 में 9 जनवरी के दिन ही बांग्लादेश में हिंदुओं की संपत्तिलौटाने संबंधी विधेयक मंजूर हुआ था। 2002 में आज ही के दिन माइकल जैक्सन को अमेरिकन म्यूजिक अवार्ड में आर्टिस्ट ऑफद सेंचुरी का अवार्ड दिया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं कठोर था

मैं कठोर था किनारा बनकर ठहर गया तुम जल थी तो तरल बनकर बहती रही और हम दोनों के मिलन ने ही बनाई थी एक नदी प्रेम की एक नदी –देखो, मैंने हमेशा तुम्हें ही निर्बाध बहने दिया यह मेरा तुम पर उपकार नहीं था उपकार तो तुम्हारा था क्योंकि तुमने मेरे बीच से होकर बहना चुना तुम्हारे जाने के बाद मैं तरल होकर बह रहा हूँ, किंतु मुझे अब कोई किनारा नहीं कहता क्योंकि जल के बिना किनारों को किनारा नहीं मिलता – **रामकिशोर उपाध्याय**

आंखें बंद करके

आंखें बंद करके जो "प्रेम" करें वह प्रेमिका है। आंखें खोलकर जो प्रेम करें वह "दोस्त" है। आंखें दिखाकर जो प्रेम करें यह "पत्नी" है। अपनी आंखें बंद होने तक जो प्रेम करे वो "मां" है। परंतु आंखों में प्रेम न जताते हुए भी जो पवित्र प्रेम करें, वह "पिता" है! **–गौरी पटले**

खास पाती | उम्र भर यूँ अश्क रहे पीते मगर!

उम्र भर यूँ अश्क रहे पीते मगर! ग़म म? भी हंसके रहे जीते मगर ॥ जख्म देती जिंदगी हर पल रही! जख्म सब हम रहे सीते मगर ॥ ताउम्र कमाया खूब बच्चों के लिये! आखिरी पल हम रहे रीते मगर ॥ वो तो था आशिष माँ का मिला! मुफलिसी म? भी रहे जीते मगर ॥ गिर गये पत्ते सभी जब डाल से! तन्हा नहीं हम रहे दिखे मगर॥ आँखें दिखाता जब अपना कोई! अदब से ÷ग़ज़ल÷हम रहे नीते मगर॥ – **डॉ.सविता वर्मा ग़ज़ल**

अब इस से ज्यादा क्या बुरा होगा

अब इस से ज्यादा क्या बुरा होगा दांत में दर्द होगा मसूड़ा उठा होगा ।। जब आप पहली बार खाना बनाए होंगे रोटी जली होगी अदहन उबला होगा ।। एक जेबकतरे की...जेब टटोलना कभी कुछ नहीं होगा तो एक छुरा होगा ।। इंसान गलतियों का पुतला होता है जो ना हो....तो वह यक़ीनन खुदा होगा ।। मत रख किसी की इतनी तलब प्यारे एक ना एक दिन...वो तुमसे जुदा होगा ।। रौब झाड़ते बच्चों को भला क्या मालूम कई चौखटों पे बाप का सर झुका होगा ।। लोकतंत्र की पराकाष्ठा तब समझना प्रजा आसन पे राजा खेत में जुता होगा ।। हमारी ही आंख देर से खुली है "वंदन" सूरज तो अपने समय पर उगा होगा ।। **– मनीष सिंह "वंदन"**

हमारा देश मिलावट के भ्रष्टाचार

हमारा देश मिलावट के भ्रष्टाचार से त्रस्त है।लेकिन इस भ्रष्टाचार पर न लेखक लिख रहा है और न ही बुद्धिजीवी कोई चर्चा करते। देश धीरे धीरे बीमारियों का गढ बनता जा रहा है लेकिन हम दूसरी ही दुनिया के सपनों में खोए हैं।सरकार तो खैर आयेगी और जायेगी भी लेकिन इस मिलावट के भ्रष्टाचार पर मौन थी मौन रहेगी। – **दिव्या शर्मा**

रात दुखों की लंबी इतनी मैं ख्वाबों में

रात दुखों की लंबी इतनी मैं ख्वाबों में अश्रु बहाऊँ, कोई तो ऐसी राह बता दे जो बिना कष्ट चल पाऊँ। कुम्हलाए फूलों सी मैं हूँ मुख की उदासी बतलाती, जीवन खिले सुबह कमल सा सूरज संग मुस्काऊँ। हालातों ने हरदम परखा हर पल साँसें लगती भारी, खोज रही हूँ सुख जीवन के मिले तो मै सुख पाऊँ। राह में कंटक भरे पड़े हैं मेरे पाँवों में बहुत चुभे हैं, कोई हटा दे उन्हें राह से जिस पथ पर मैं जाऊँ। जीवन ने मुझको ठगा बहुत है अंतस हुआ अधीर, सपनों में कोई आये पाहुन बन मैं भी तो हरषाऊँ। संवेदनाएँ अपनी खो चुके जो दुख में करते टिप्पणी, कहें सामनें आके कुछ तो उन्हें नीति का पाठ पढ़ाऊँ। कोई किसी से रखे न ईर्ष्या आपस मे बाँटें प्रेम- स्नेह, इक दूजे का दुख समझें अपना तो मुक्त कंठ मैं गाऊँ। – **रश्मि ठाकुर**

रंग अपने दिखाने लगी ज़िन्दगी चुप

रंग अपने दिखाने लगी ज़िन्दगी चुप रहे तो सताने लगी ज़िन्दगी दोष इतना रहा के वफ़ा में रहे बेवफ़ा है रुलाने लगी ज़िन्दगी सांस घुटती रही उम्र भर दर्द में और बस कशमशाने लगी ज़िन्दगी क़त्ल खुद ही किया ख़्वाहिशों का सदा देखकर मुस्कुराने लगी ज़िन्दगी वास्ते खुद के भी जीना तो चाहिए आज हमको बताने लगी जिंदगी – **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

कल बैठे बिठाये हाथ पर हाथ

कल बैठे बिठाये हाथ पर हाथ धरे बीत गया दिन मेरा बिना कोई काम करे बदली से धूप छनी खिड़की तक ज्यों आई हमने भी धीरे से खटिया कुछ सरकायी सर्राती सर्द हवा कानों से टकरायी पर्दे को तान तभी खिड़की भी उड़काई देख कंपकंपी मेरी भाभी भी मुसकाई बेटी के हाथों से गरम चाय भिजवाई लपक लिया कप झट से हाथों में थाम लिया सर्दी की बेला में ढेरों आशीष दिया कितना सुख मिला यहाँ कैसे मैं बतलाऊं भाभी और भाई पर नेह सुमन बरसाऊं। – **लता यादव**

प्रेरक प्रसंग

टीम भावना में महान शक्ति होती है

कभी-कभी जॉर्ज वाशिंगटन वेश बदलकर आम लोगों के बीच आते-जाते थे। उन्होंने टहलते हुए देखा-कुछ मजदूर मिलकर एक लट्ठा छत पर चढ़ा रहे हैं। वे पसीने-पसीने हो रहे हैं। लेकिन सामान टस-से-मस नहीं हो रहा है। साथ में एक सुपरवाइजर भी था, जो मात्र अपने शब्दों से उन्हें जोर लगाने के लिए उत्साहित कर रहा था, लेकिन हाथ नहीं लगा रहा था। जॉर्ज वाशिंगटन ने उससे पूछा- 'तुम थोड़ा हाथ क्यों नहीं लगाते? अब तक तो यह सामान ऊपर चला गया होता।' 'मैं क्यों हाथ लगाऊँ। मैं तो जमादार हूं। मेरा काम तो केवल आदेश देना है। हाथ से काम करना नहीं।' सुपरवाइजर ने कहा। 'अच्छा' कहकर वाशिंगटन मजदूरों के साथ जुड़ गए और सामान जब तक ऊपर छत पर उठ नहीं गया, वहां से नहीं हटे। चलते समय उन्होंने जमादार से हाथ मिलाया और विदा लेते हुए कहा -'मेरा नाम जॉर्ज वाशिंगटन है।' जमादार राष्ट्रपति का नाम सुनकर थर्र-थर्र काँपने लगा। उसने क्षमा याचना की। जॉर्ज वाशिंगटन ने क्षमा कर दिया। अब जमादार का हृदय परिवर्तित हो चुका था।

QUIZ TIME

1) उजानी बांध किस राज्य में स्थित है?

2) हाल ही में समाचारों में रही पीएम-वाणी योजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

3) एक स्थान पर बंदरों की सब प्रजातियां पाई जाती हैं वो कौन सा स्थान है?

4) प्रतिवर्ष कौन सा दिन राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है?

5) हाल ही में किस भारतीय ने पहला भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनकर इतिहास रचा?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) महाराष्ट्र (2) कामगारों और दुकानदारों के बच्चों को सस्ती और उच्च मात्रा की इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना (3) होलोंगापार गिबन (4) 21 मई (5) गोपी थोटाकुरा

आज का पंचांग

सूर्य : धनु, चंद्र : मेष, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुधः धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

सूर्योदय : 07:10, सूर्यास्तः 17:58, चन्द्रोदयः 12:55, चन्द्रास्तः 26:27, अयन उत्तरायण, ऋतुः ?? शिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, ,तिथि : दशमी, नक्षत्र : भरणी, योग : साध्य, प्रथम करण : कौलव (14:25 तक), द्वितीय करण : तैतिल (25:24+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त, अमृत काल : 09:41 से 11:12, रवि योग : पूर्ण रात्रि, विजय मुहूर्त : 14:22 से 15:05, गोधूलि मुहूर्त : 17:55 से 18:22, सायाह्न सन्ध्या : 17:58 से 19:17, निशिता मुहूर्त : 24:07+ से 25:00+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:24+ से 30:17+, राहुकाल : 15:00 से 16:30, गुलिक काल : 11:13 से 12:34, यमगण्ड : 08:31 से 09:52, दुर्मुहूर्त : 12:12 से 12:55, गण्ड मूल : 07:10 से 16:29, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, होमाहुति : शुक्र (16:29 से शनि)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। व्यापार करने वाले जातकों के लिए दिन अच्छा लाभ लेकर आएगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

वृष : आज के दिन आपको किसी प्रकार के जोखिम को लेने से बचना होगा। पिताजी की सेहत की आपको चिंता हो सकती है।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे।

कर्क : आज का दिन आपकी कार्यकुशलता को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अत्यधिक लाभ के चक्कर में छुटपुट लाभ पर ध्यान नहीं देंगे।

सिंह : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में आप किसी के साथ पार्टनरशिप ना करें। आप अपनी भावनाओं पर काबू रखें, क्योंकि आप कोई गलत निर्णय ले सकते हैं।

कन्या : आज का दिन आपके लिए अप्रत्याशित लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने कामों को पूरा करने में काफी मेहनत करनी होगी।

तुला : आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है।।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को लेकर थोड़ा ध्यान दें।

धनु : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने किसी करीबी से कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

मकर : आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ दिलाने वाला रहेगा। जीवनसाथी से यदि आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी चल रही थी, वह भी दूर होगी।

मीन : आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 290 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

राज्यपाल रमेन डेका से मिले योगाचार्य और खंडवा के कुलपति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से बुधवार को राजभवन में सत्यानंद योग आश्रम के योगाचार्य स्वामी स्वयं भू सरस्वती ने भेंट कर प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। डेका ने योग के लिए जनजागरूकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। इस अवसर पर योग संयासी आत्मा चैतन्य उपस्थित थे।

दूसरी ओर राज्यपाल रमेन डेका से डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय खंडवा के कुलपति डॉ. अरूण आर जोशी ने सौजन्य भेंट की। डेका ने यूसीजी के गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर सी वी रमन विश्वविद्यालय कोटा के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी सहित मैनेजमेंट के प्रोफेसर डॉ. नितिन वत्स व डॉ. उषा किरण अग्रवाल उपस्थित थे। इधर बुधवार को राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश और संभागीय रेलवे प्रबंधक रायपुर दयानंद ने सौजन्य भेंट की। राजभवन में भारतीय वन सेवा के 2023 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। डेका ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया। राज्यपाल ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को अपने कार्य में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक नवीद शजाउद्दीन तथा वन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी श्वेता कम्बोज, तन्मय कौशिक, गौतम पदीभर और सुमेध संजय सुरवाडे उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

गुरूमुख सिंह नगर में स्मार्ट टॉयलेट के निर्माण कार्य का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के प्रशासक एवं जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार राजधानी शहर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु अधिकारियों द्वारा जनउपयोगी कार्यों की व्यवस्था का निरीक्षण कर मॉनिटरिंग की जा रही है। इस क्रम में आज नगर निगम उपायुक्त राजेष्वरी पटेल एवं निगम जोन 10 जोन कमिष्नर राकेष शर्मा ने जोन 10 के ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्षेत्र के तहत गुरूमुख सिंह नगर में नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन स्मार्ट टायलेट के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन जोन 10 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा की उपस्थिति में किया।

परिजनों को मिली 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसके अनुसार आपदा, दुर्घटना इत्यादि प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई की जा रही है। ऐसे प्रकरणों को आरबीसी 6-4 के तहत प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण किया जा रहा है और समय सीमा के पूर्व ही मुआवजा राशि दी जा रही है। ऐसे प्रकरणों का पर आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि प्रदान की गई है। सिलतरा निवासी प्रेमा साहू की आग में जलने और आंरग के ग्राम गुल्लू निवासी कमलेश्वरी पटेल तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। इनका आवेदन जिला कार्यालय के राजस्व शाखा में 6 जनवरी को पहुंचा और आज 7 जनवरी को प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इनके परिजनों को कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

सिमगा वितरक नहर के कार्यों के लिए 7.82 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नप्रदेश। राज्य शासन ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखंड सिमगा के अंतर्गत सिमगा वितरक नहर के मिट्टी कार्य को पक्के निर्माण एवं रिसेक्शनिंग और सीसी लाईनिंग कार्य को पूर्ण कराने के लिए 7 करोड़ 82 लाख 42 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को सिंचाई परियोजना के कार्य कराने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

राजधानी का पहला ई-चार्जिंग स्टेशन

डिप्टी सीएम साव और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया लोकार्पण

■ विधायक सुनील सोनी और पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति में स्वच्छ वायु संदेश पोस्टर का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुधार कार्य योजना के तहत रायपुर शहर में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सहयोग से स्थापित पहले ई-चार्जिंग स्टेशन का लोकार्पण उपमुख्यमंत्री अरूण साव के कर कमलों से हुआ।

इस दौरान साव ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्थानीय विधायक सुनील सोनी व उत्तर रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति में जन जागरूकता से जुड़े स्वच्छ वायु संदेश युक्त पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं रायपुर नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह ,नगरीय प्रशासन विकास विभाग के संचालक कुंदन कुमार, रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, बीरगांव नगर निगम आयुक्त युगल उर्वशा सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगर निगम ने किया सी एण्ड डी प्लांट शुरू

रायपुर में नगर निगम द्वारा सी एण्ड डी प्लांट भी शुरू किया गया है, जिससे भवन निर्माण व विध्वंस सामाग्री से पुनः उपयोग किए जाने हेतु पेवर, गमले व निर्माण कार्य में उपयोग किए जाने सामाग्री का निर्माण किया जा रहा है। इस संयंत्र का संचालन महिला स्व-सहायता समूह कर रही है। सी.सी. रोड और बी.टी. मार्गो का निर्माण व संधारण भी नगर निगम कर रहा है, जिसके माध्यम से धूल को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम व बीरगांव नगर निगम, जिला परिवहन कार्यालय, सीएसआईडीसी पर्यावरण संरक्षण मंडल, पुलिस व यातायात विभाग मिलकर स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुधार कार्य योजना पर काम कर रहे हैं। 15 वें वित्त आयोग भारत सरकार के दिशा निर्देश में रायपुर व बीरगांव में ई-चार्जिंग स्टेशन का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है एवं सघन वृक्षारोपण के साथ ही धूल मुक्त सड़कों के निर्माण की दिशा में पहल की जा रही है। प्रदूषण के स्वास्थ्यगत खतरों को देखते हुए नॉन मोटराइज्ड मार्ग निर्धारित करने, पंडित विहार तैयार करने व शहरी उद्यानों के रख-रखाव पर ध्यान दिया जा रहा है।

रायपुर में नगर निगम द्वारा सी एण्ड डी प्लांट भी शुरू किया गया है, जिससे भवन निर्माण व विध्वंस सामाग्री से पुनः उपयोग किए जाने हेतु पेवर, गमले व निर्माण कार्य में उपयोग किए जाने सामाग्री का निर्माण किया जा रहा है। इस संयंत्र का संचालन महिला स्व-सहायता समूह कर रही है। सी.सी. रोड और बी.टी. मार्गों का निर्माण व संधारण भी नगर निगम कर रहा है, जिसके माध्यम से धूल को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य मार्गों की सफाई यांत्रिक पद्धति से कर धूल को निगमित किए जाने रूपरेखा भी नगर निगम ने तैयार की है। जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोशल मीडिया व संवाद के विभिन्न साधनों का उपयोग करते हुए इस अभियान में आम नागरिकों की भागीदारी ली जा रही है।

सीएम के निर्देश पर अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

■ एक सप्ताह मे अवैध उत्खनन में लिप्त 66 वाहन जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में जिले की अवैध खनिज खनन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। रायपुर जिले में खनिज विभाग की टीम ने तहसील गोबरानवापारा के ग्राम पारागांव में अवैध रेत उत्खनन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रेत खनन बंद पाए जाने की स्थिति किन्तु रेत खनन के लिए बनाए गए अवैध रैम्प को मशीन से नष्ट किया गया। साथ ही पारागांव के निकट ही गरियाबंद जिले में वहां की संयुक्त टीम के साथ कार्रवाई कर रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 2 चैन माउंटेन मशीन को दो मशीनों को जब्त कर थाने को सुपुर्द किया है। ग्राम चीचा में अवैध मुरूम उत्खनन पर कार्रवाई करते हुए एक रबई और एक हाईवा को जब्त किया गया है। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश में की जा रही कार्रवाई में खनिज विभाग के उप संचालक के.के गोलघाटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विगत सप्ताह में 66 खनिज वाहनों के विरूद्ध अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई की गई है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई जारी है।

पीएचसी के लिए आरक्षित जमीन पर बेजा कब्जा हटा

■ दतरेंगा में गिराई बाउड्रीवाल, डोमा में तालाब किनारे से हटाया बेजा कब्जा

रायपुर/नवप्रदेश। अतिक्रमण के खिलाफ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सख्त कारवाई करने के निर्देश के बाद जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाईयां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने भी समय सीमा की साप्ताहिक बैठकों में शासकीय जमीनों पर अवैध रूप से किए गए कब्जों को हटाने में तेजी लाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है।

इसी क्रम में बुधवार तहसीलदार पवन कोसमा ने दतरेंगा और डोमा ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। तहसीलदार की मौजूदगी में ग्राम पंचायत दतरेंगा में सरकारी जमीन पर नियम विरूद्ध बनाई गई बाउड्रीवाल को जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। वहीं ग्राम डोमा में तालाब के ऊपर किए जा रहे अवैध कब्जे को भी हटा दिया गया। इस दौरान क्षेत्र के पटवारी, ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ अन्य राजस्व अमला भी मौजूद रहा। तहसीलदार कोसमा ने बताया कि ग्राम दतरेंगा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए आरक्षित की गई शासकीय भूमि पर पंजवानी नाम के व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था। इस भूमि पर पंजवानी ने अवैध रूप से बाउंड्रीवाल भी खड़ी कर ली थी। तहसीलदार द्वारा इस अवैध कब्जे के खिलाफ पंजवानी को नोटिस जारी कर उसे हटाने के निर्देश दिए गए थे। तहसीलदार ने यह भी बताया कि जारी नोटिस के बाद भी पंजवानी ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। लगभग 50 डिसमिल शासकीय भूमि को घेरकर बनाई गई बाउंड्रीवाल को आज जेसीबी मशीन से गिराकर कब्जा मुक्त कर दिया गया है। अब इस भूमि पर लोगों की सुविधा के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बन सकेगा। तहसीलदार कोसमा ने डोमा गांव में भी तालाब के किनारे ग्रामीणों द्वारा सीमेंट पोल गडाकर तार से घेरा बना शासकीय जमीन पर किए जा रहे कब्जे को हटवाया।

राजधानी के प्रमुख उद्यान फिर से होंगे जगमग, बिखरेगी सुंदर छटा

■ स्वच्छता प्रसाधन व्यवस्था, पेयजल और प्रकाश प्रबंधन का काम शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर के विभिन्न प्रमुख उद्यानों में जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से स्वच्छता, पेयजल, प्रसाधन, प्रकाश व्यवस्था सौंदर्यीकरण के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य शासन द्वारा नगर निगम में नवपदस्थ प्रशासक जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के विगत दिवस पदभार ग्रहण करने के बाद नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर सभी जोनों के अधिकारियों द्वारा प्रमुख उद्यानों में जनसुविधा के लिए मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति सहज रूप में करने मॉनिटरिंग कर कार्य करवाये जा रहे हैं।

नगर निगम द्वारा राजधानी के गांधी उद्यान, आक्सीजोन, नगर निगम मुख्यालय के सामने उद्यान , मोतीबाग, अनुपम गार्डन सहित विभिन्न मुख्य उद्यानों में स्वच्छता व्यवस्था, प्रकाश प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था, शौचालय प्रबंधन सहित पौधरोपण सौंदर्यीकरण के कार्यों को प्राथमिकता से तेज गति से जनहित में जनसुविधा के लिए करवाया जा रहा है।

उद्योगपतियों को डीजल खरीदी में छूट मिल सकता हैं तो आम उपभोक्ताओं को क्यों नहीं?

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों को डीजल खरीदी में 6.50 रु प्रति लीटर छूट दे सकती हैं तो आम उपभोक्ताओं क्यों नहीं? डीजल, पेट्रोल की महंगाई से हर वर्ग पीड़ित हैं। ऐसे में सरकार को वैट में छूट सभी को देना चाहिए। एक राज्य में डीजल में वैट की दो दरें कैसे हो सकती हैं? सरकार गरीब आदमी, किसान, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी, बस, टैक्सी, होटल व्यवसायी, कार, ट्रैक्टर, सहित डीजल का उपयोग करने वाले आम जनता को भी डीजल खरीदी में छूट से कैसे वंचित कर सकती हैं? प्रदेश सरकार ने उद्योगपतियों को डीजल खरीदी में वैट टैक्स में 7 प्रतिशत राहत दिया है, 24 प्रतिशत की जगह उनसे 17 प्रतिशत वैट लिया जायेगा। उद्योगपतियों के अलावा अन्य वर्ग को डीजल में 24 प्रतिशत वैट देना होगा, ये अन्याय है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका

विकास का नारा लगाती हैं लेकिन इनकी नीतियां खास वर्ग को लाभ पहुंचाने वाली ही रहती हैं। किसानों को लेकर भाजपा सरकार का रवैया विरोधी ही रहा हैं। भाजपा को चंदा देने वालों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश की तीन करोड़ आबादी को सामने रखकर सरकार को फैसला करना चाहिए। सरकार तत्काल डीजल में 17 प्रतिशत वैट सभी के लिए लागू करे। गरीब जनता को लूटना बंद करे। सरकार सभी वर्गों के लिए डीजल में 17 प्रतिशत वैट लागू करें।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने पुसौर विकासखण्ड में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

ग्रामीण अंचलों के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता से कर रही कार्य : ओ.पी.चौधरी

रायपुर/नप्रदेश। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड अंतर्गत बाघाडोला, नवापारा-अ एवं छपोरा में 70 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। ग्रामीण अंचलों में जनसुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ाएं जा रहे है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सरकार गठन के उपरांत 18 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई। इन आवासों का निर्माण पूरी तेजी से करवाया जा रहा है। पीएम आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। उन्हें प्रतिमाह एक-एक हजार रूपये राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। जिससे महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने घर-परिवार में भी निर्णय लेने में बराबरी का हक महसूस कर रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दो साल का बोनस दिया गया। इसी तरह किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गों को अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा रहे है।

वित्त मंत्री चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किए जाए। इसमें समय-सीमा का भी विशेष ध्यान रखें। हमारा उद्देश्य लोगों को जनोपयोगी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करें।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पुसौर विकासखण्ड के बाघाडोला, नावापारा-अ एवं छपोरा में 70 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें बाघाडोला में 25 लाख 40 हजार रुपये की लागत से 3 सीसी रोड निर्माण, 1 लाख 50 हजार रुपये की लागत से दर्री तालाब में पचरी निर्माण, 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन के पास शेड निर्माण शामिल है।

अब निगम में पेंशन के लिए निराश्रितों नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर

रायपुर/नवप्रदेश। निराश्रित पेंशन के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर लगा रहे नगर निगम जोन 10 के तहत गुरू घासीदास वार्ड क्रमांक 49 के निवासी दिव्यांग अरूण ध्रुव को नगर निगम रायपुर के प्रशासक एवं जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर तत्काल प्रक्रिया के तहत नियमानुसार 500 रुपए निर्धारित मासिक पेंशन को ऑनलाइन सिस्टम में स्वीकृति दे दी गई है। प्रशासक एवं जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को दिव्यांग नागरिक के निराश्रित पेंशन के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने की जानकारी मिलते ही उन्होंने इसे तत्काल संज्ञान में लिया। और संबंधित की पात्रता के अनुरूप शासकीय योजना अनुसार उनको पेंशन स्वीकृति देने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। दिव्यांग अरूण ध्रुव निराश्रित मासिक पेंशन हेतु नियमानुसार पात्र पाए गए। उन्हें तत्काल सिस्टम में ऑनलाइन स्वीकृति निराश्रित मासिक पेंशन 500 रुपए प्रति माह देने प्रदान कर दी गई।

कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल 500 रुपए मासिक निराश्रित पेंशन ऑनलाईन स्वीकृत

रायपुर नगर निगम प्रशासक एवं जिला कलेक्टर द्वारा इस पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई कि नगर निगम क्षेत्र में पात्र दिव्यांग नागरिक को निराश्रित पेंशन के प्रकरण में स्वीकृति हेतु अनावश्यक विलंब हुआ। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरण की पुनरावृत्ति नगर निगम में ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इसे संज्ञान में लेते हुए नगर निगम जोन 10 की राजस्व उपनिरीक्षक नीलिमा ठाकरे को निराश्रित पेंशन का कार्य समय सीमा में नहीं करने एवं इससे पेंशनरों को आर्थिक परेशानी होने को लेकर इस हेतु संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक जोन क्रमांक-10 की आगामी एक वेतन वृद्धि असंचयी भाव से रोके जाने का आदेश दिया है।

■ न्यूज गैलरी

पीएमश्री प्राथमिक शाला केंवटीनटोला का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

काँकेर/नवप्रदेश। जिले में शिक्षा गुणवत्ता की जांच करने कलेक्टर कांकेर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी ने पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय केंवटीनटोला विकासखंड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर का औचक नीरिक्षण किया, नीरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षक व्यवस्था और विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी लिया। बच्चों ने कलेक्टर को अपने बीच पाकर प्रफुल्लित हाकर विभिन्न रूचिपूर्ण सवाल पुछे जिस पर कलेक्टर कांकेर ने भी बच्चों के जिज्ञासाओं को दूर करते हुए सहजता के साथ उनके प्रश्नों का उत्तर दिया तथा बच्चों से कहा कि किसी भी स्थिति में पढाई नही छोडना है निरंतर मन लगाकर पढाई करना है और एक अच्छा नागरिक बनकर माता-पिता, परिवार व देश समाज की सेवा करना है।कलेक्टर कांकेर ने एक ही कैम्पस में लगने वाले पूर्व माध्यमिक विद्यालय केंवटीनटोला का भी नीरिक्षण किया तथा पीएमश्री प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के मरम्मत योग्य भवन के तत्काल स्वीकृति कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। सभी बच्चों से मध्यान्ह भोजन, पेयजल व्यवस्था, निर्माण कार्यों का स्वयं निरीक्षण किया गया तथा कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। पीएमश्री विद्यालय के निरीक्षण के दौरान स्थानीय केंवटीनटोला का मेला-मडाई की ग्रामवासियों को शुभकामनायें दिये तथा ग्रामवासियों के मांग पर विद्यालय के समीप बने भवन के मरम्मत कराने हेतु मानक प्राक्कलन तैयार कर बच्चों एवं युवाओं के उपयोग हेतु उपयोगी लायब्रेरी तैयार कराने का आश्वासन दिया गया।

अज्ञात कारणों से कालेज छात्रा ने लगाई फांसी

अंतागढ़/नवप्रदेश। 19 वर्षीय युवती ने घर के म्यार में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना आज सुबह तकरीबन 9 बजे के आसपास की है मृतक युवती कु. निर्मला गावड़े पिता सियाराम ग्राम खोड़पानी अपने मां के साथ गड़रिया पारा वार्ड क्रमांक 06 अंतागढ़ में किराए के मकान निवास करती थी जो कि बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। उक्त किराए के मकान में ही म्यार में दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली,कारण अज्ञात है पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचन कर शव को पोस्टमार्टम पश्चात घर वालों को सौंप दिया है।

सभी संस्था प्रमुख निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें

जिले के पीएमश्री स्कूलों का कायाकल्प गरिमा के अनुरूप हों : कलेक्टर

काँकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज जिले में स्थित पीएमश्री स्कूलों के आधारभूत विकास एवं सुविधाओं की समीक्षा करने के उद्देश्य से संस्था प्रमुखों की बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि पीएमश्री स्कूलों का कायाकल्प शासन के निर्धारित मापदंड एवं गरिमा के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है, किन्तु छोटे-छोटे निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है। सभी संस्था प्रमुख निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आगे कहा कि इन स्कूलों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय स्टॉफ की कमी जल्द दूर कर ली जाएगी, किन्तु विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करें। उन्हांने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत के 23 कार्य स्वीकृत 87 लाख रूपए की लागत से किया जाना है, जिन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करें। कलेक्टर ने संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 15 पीएमश्री स्कूल संचालित हैं, जिनमें प्राथमिक स्तर के 09 तथा नर्सरी से हायर सेकेण्डरी स्तर के 06 स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों के लिए राज्य स्तर से विभिन्न कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें अतिरिक्त कख निर्माण, बालिका शौचालय, मरम्मत, बड़े एवं लघु मरम्मत कार्य, वाटर हार्वेस्टिंग तथा सोलर पैनल स्थापना जैसे कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली में तीन दिवसीय 'नेतृत्व विकास' प्रशिक्षण प्रयोजित

काँकेर/नवप्रदेश।जिला सहकारी संघ मर्या. कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली के तत्वाधान में 17 फरवरी से 19 फरवरी 2025 तक राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केन्द्र नई दिल्ली द्वारा सहकारिता पर महिला पदाधिकारियों को ''नेतृत्व विकास'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम एन.सी.सी.ई नई दिल्ली में प्रायोजित है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सहकारी नेताओं के प्रबंधन कौशल को बढ़ाना, महिलाओं को सशक्त बनाना और आत्मविश्वास जगाना, आवश्यक कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त सहकारी क्षेत्र के महिला पदाधिकारी भाग ले सकेंगे। उक्त प्रशिक्षण निःशुल्क होगा इसमें स्त्र/स्ट/हृक्ष्ट वर्ग की प्रशिक्षार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सामाग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा किया जायेगा। अतः कांकेर जिले में कार्यरत सहकारी संस्थाओं के महिला बहनें इस प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठा सकेगें।श्रीमती पोटाई ने कहा कि इस प्रशिक्षण में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा परिषद द्वारा प्रतिभागियों को रेल/बस का वास्तविक किराया, एनसीसीई छात्रावास में रहने व खाने की व्यवस्था, प्रशिक्षण व प्रशिक्षण सामग्री, सहकारी संस्थाओं का अध्ययन भम्रण कराया जाएगा। सहकारी संस्था के इच्छुक महिला पदाधिकारी जिला सहकारी संघ मर्या. कांकेर पोटाई प्लाजा में अधिक जानकारी के लिए संस्था प्रबंधक से कार्यालय अवधि सम्पर्क करें।

दो अलग-अलग मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही, मचा हड़कंप

काँकेर/नवप्रदेश। चारामा पुलिस ने अवैध शराब तस्करों पर नकेल कसते हुए अवैध शराब तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते चारामा में हड़कंप मचा दिया है। चारामा पुलिस ने अपने कार्यवाही में अलग अलग तीन शराब तस्करों पर कार्यवाही करते हुए बड़े पैमाने में शराब जब्त किया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. के. ऐलिसेला (भा.पु.से.)के निर्देषन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्षन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी ने के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री करने की मुखबिर से सुचना मिलने पर चारामा पुलिस ने अलग अलग टीम बनाकर छापेमारी करते हुए राजकुमार जगबेडा निवासी चारामा अपने कब्जे में अवैध रूप से छुपा कर रखा है और बिक्री कर रहा मुखबिर के बताये स्थान सदर बाजार सब्जी मण्डी के पास पहुंच कर सूचना तस्दीक किया गया , उक्त आरोपी राजेश सोनकर घर के सामने एक प्लास्टिक बोरी सफेद रंग को छुपाकर रखा था जो पुलिस को देखकर लुक छिप करने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लेकर उसकी तलाषी लेने पर उसके कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में 40 नग देशी प्लेन मदिरा शराब जिसमें हिन्दी में रोमियों देषी मदिरा मसाला लिखा हुआ शराब सीलबंद जुमला कुल 7.200 बल्क लीटर कुल किमती 4800 रू0 एवं बिक्री किया गया रकम 410 रू को गवाहों के समक्ष बरामद कर जप्त किया गया , आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र 03/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया उक्त आरोपी अपराध धारा का घटित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।अन्य मामले में थाना चारामा पुलिस आयुष ढाबा चारामा में शैलेष मसीह द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु अपने कब्जे में रखा है कि सूचना पर चारामा के एन एच 30 मेनरोड में स्थित आयुष ढाबा में घेराबंदी कर शैलेन्द्र मसीह पिता राजेन्द्र मसीह उम्र 50 साल निवासी धमतरी विवेकानंद कालोनी तिसरा नंबर गली अटल आवास हॉल आयुष ढाबा चारामा थाना चारामा जिला कांकेर छ0ग0 को पूछताछ कर नाटिस देकर तलाषी लिया गया तलाषी पर ढाबा में काउण्टर के पास षैलेन्द्र मसीह के कब्जे से 02 सफेद छोला जिसमें एक छोला में 40 नग देषी मदिरा प्लेन शराब प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब सीलबंद एवं एक सफेद छोला मे 08 नग बियर जिसमें प्रत्येक बियर बाटल मे 650 एम एल जुमला कुल 12.400 बल्क लीटर कुल किमती 5360 रू0 को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया आरोपी को उक्त शराब रखने के संबंध में दस्तावेज पेश करने नोटिसे देने पर कोई दस्तावेज पेष नही करने से मौके पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र 04/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

संतोष गुप्ता दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष निर्वाचित

विधायक चैतराम अटामी व कार्यकर्ताओ ने दी बधाई

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व के तहत चल रहे संगठनात्मक चुनाव के तहत प्रदेश भाजपा संगठन ने लगभग छत्तीसगढ़ में आखिरकार बीजेपी संगठन के लगभग सभी जिलों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इसको लेकर पिछले दिनों दिल्ली में बैठक आयोजित की गई थी। जहां बंद लिफाफे में हर जिले से तीन दावेदारों के नाम भेजे गए थे। दिल्ली में बीजेपी हाई कमान की बैठक में मंथन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश के बीजेपी जिलाध्यक्षों की बंद लिफाफे में नाम तय कर दिल्ली से भेज दिए गए हैं।अब संगठन द्वारा नियुक्त चुनाव पर्वेक्षक व चुनाव अधिकारी हर जिले में जाकर जिलाध्यक्ष को उनको मिलने वाली नई जिम्मेदारी के बारे में सूचना देकर लिफाफा खोल रहे हैं।दंतेवाड़ा जिले की बात करें तो वर्तमान जिला महामंत्री व पूर्व जिला मंत्री संतोष गुप्ता के नाम पर संगठन ने अंतिम मुहर लगा दी है,दंतेवाड़ा के जिला चुनाव पर्वेक्षक अशोक बजाज एवं जिला चुनाव अधिकारी,पूर्व विधायक बैदु राम कश्यप ने भाजपा जिला कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में लिफाफा खोलकर किया संतोष गुप्ता के नाम का ऐलान।दंतेवाड़ा के भाजपा जिला कार्यालय में पूरी प्रक्रिया के तहत यह कार्य किया गया 7 भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी समेत उपस्थित कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर,मिठाई खिलाकर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता को बधाई दी ।

दूध नदी पर समाजसेवी संस्था नपा ट्रैफिक पुलिस जिला सैनिक ने चलाया स्वच्छता अभियान

काँकेर/नवप्रदेश। यातायात पुलिस तथा पूर्व सैनिक परिषद के सहयोग से शहर तथा प्रदेश की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा आज काँकेर तथा गोविंदपुर मेले का ध्यान रखते हुए दूध नदी के शहर के मध्यवर्ती पुल की जमकर साफ़सफ़ाई एवं धुलाई कर दी गयी। पुल पर बहुत लंबे समय से धूल मिट्टी जम रही थी, जिसके कारण दुपहिया वाहन फिसल कर गिर रहे थे और लोग घायल हो रहे थे। इनकी शिक़ायतों की कहीं सुनवाई नहीं होती थी। अंत में जन सहयोग तथा सहयोगी संस्थाओं ने ही इस कार्य का बीड़ा उठाया और सारे पुल से धूल मिट्टी कचरा साफ़ कर टैंकर से पानी मंगवा कर पुल को धोकर पवित्र भी कर दिया । यही नहीं पुल की रेलिंग दीवार पर लोगों द्वारा गुटखा खाकर पिचकारी मारे हुए दागों को भी साफ़ कर दिया। आज की इस समाज सेवा में मेला आने- जाने वाले कुछ लोगों ने भी स्वेच्छा पूर्वक सहयोग दिया। काँकेर के विधायक आशाराम नेताम भी वहां आ पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिया कि पुल की रेलिंग दीवार पर चूना पुताई का प्रबंध हम कर देंगे, साथ ही पुल के दोनों ओर रात्रिकाल में नहीं जल रही सड़क बत्तियों को भी सुधरवा देंगे। इस पुण्य कार्य में यातायात पुलिस तथा भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने भी अपना बहुमूल्य सहयोग दिया, जिनमें अध्यक्ष कौशल सिन्हा, टेश्वर जैन, अनूप सिन्हा, उमेश सिन्हा, अनूप जैन प्रमुख थे। ट्रैफिक्र पुलिस की ओर से दीपक साव ,रक्षित निरीक्षक सतीश वर्मा, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक कलेश श्याम, आरक्षक विजय कोडोपी, सैनिक दयाल उसेंडी, पुलिस लाइन के प्रभाराम भगत एवं अन्य कर्मचारी सहयोग दे रहे थे।

पालक मेगा सम्मेलन एवं न्योता भोज का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में मेगा पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड कांकेर में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला माटवाड़ालाल पटेल पारा में पालक मेगा सम्मेलन दिवस पर स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा कांकेर के श्री मोहन प्रजापति द्वारा न्योता भोज कराया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के 23, उच्च प्राथमिक शाला के 21 बच्चे के साथ 40 से अधिक पालकगण सम्मिलित हुए।विभाग के सहायक संचालक ने ग्राम के पालकों एवं नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि नियमित रूप से शाला में बच्चों की उपस्थिति एवं पालकों द्वारा किचन गार्डन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदाय करें।

विश्रामपुरी की ईश्वरी ने बिहान से जुड़ कर बदली अपनी तकदीर

कोंडागाँव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई लखपति दीदी पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक उल्लेखनीय माध्यम बन रही है। यह पहल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनकी वार्षिक आय को एक लाख रुपये से अधिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस पहल ने देशभर में हजारों महिलाओं की जिंदगी बदली है उन्ही में से एक हैं कोंडागांव जिले के विश्रामपुरी की ईश्वरी मरकाम।

समूह से जुड़कर सफर की शुरुआत

कोण्डागांव जिले के विश्रामपुरी की ईश्वरी मरकाम आज बिहान से जुड़कर अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मिसाल बनी है। इश्वरी 2017 में समूह से जुड़ी हैं और आजीविका के छोटे-छोटे गतिविधियां कर आज अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ की है। ईश्वरी अपने पति और दो बच्चों के साथ छोटा परिवार में रहती हैं। उनके पति कृषि कार्य करते हैं, लेकिन परिवार की जरूरतों और बच्चों की पढ़ाई के खर्च पूरे करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस कठिन परिस्थिति से उबरने के लिए ईश्वरी ने महिला स्व-सहायता समूह का सहारा लिया और अपने जीवन को बदलने की ठानी। इश्वरी उन दिनों को याद करते हुए बताई की उस समय बड़ी मुश्किल से हमारा घर चलता था। परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए हम महीनों से पैसे इक्ठे करते थे तब जाकर हमारी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा कर पाते थे। इश्वरी ने बताया की बिहान से जुड़ने के बाद मेरे अन्दर एक आत्मविश्वास जगा है, आज मैं अपनी बात सबके बीच रख पाती हूँ। समूह से जुड़ने के बाद ईश्वरी ने सीआईएफ की राशि का उपयोग कर विभिन्न आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की। उन्होंने कृषि कार्य, फैंसी दुकान संचालन और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य कर रही हैं। इसके अलावा वे बीसी सखी के रूप में भी सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

आर्थिक स्थिति में हुआ सुधार

ईश्वरी आज अपनी मेहनत और लगन से अलग-अलग स्रोतों से एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय अर्जित कर रही है। ईश्वरी को कृषि कार्य से 35 हजार रुपए, फैंसी दुकान से 60 हजार और मध्यान्ह भोजन योजना से 24 हजार रुपए तक की आमदनी हो रही है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के महतारी वंदन योजना से भी हर महीने एक हजार रूपये प्राप्त हो रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

इन दावेदारों का ये है सियासी ...

सर्वाधिक लंबे समय तक जीएसटी काउंसिल में बतौर सदस्य शामिल थे।

लाखों करोड़ की सौगात से ...

के तहत कंपनी तीन चरणों में 65,370 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसी तरह, पीएम मोदी वर्चुअल तरीके से नक्कापल्ली में 1877 करोड़ के औषधि पार्क की आधारशिला रखेंगे। देश को दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यहां 'बल्क ड्रग पार्क' की स्थापना की जानी है। लगभग 11,542 करोड़ रुपये के निवेश से 2,002 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस पार्क से 54,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। शिलान्यास और उद्घाटन समारोह के बाद पीएम मोदी रोड शो करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें 1.5 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

भारतीय युवा वैश्विक...

यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति, स्वच्छ भारत अभियान और 90 हजार से अधिक स्टार्टअप्स की शुरूआत यह दर्शाता है कि युवा भारत नवाचार और प्रगति की दिशा में अग्रसर है। भारत को जानिए यह नारा युवाओं को अपने देश की गहराइयों को समझने और इसे बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छ भारत अभियान हो या मुद्रा योजना, हर प्रयास का उद्देश्य, देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि युवा अपनी सांस्कृतिक विरासत और नवाचार के जरिए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। यह समय है जब वे अपने अनुभव साझा करें, दूसरों को प्रेरित करें और एक नई सोच के साथ समाज के लिए नए मॉडल प्रस्तुत करें।

ई सोच और दृष्टिकोण ...

जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डॉक्टर जयशंकर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो देश की प्रगति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं। ये योजनाएं न केवल देश के विकास में मदद कर रही हैं, बल्कि युवाओं को अपने कौशल और रचनात्मकता को विकसित करने के लिए भी प्रेरित कर रही हैं। मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का सपना 140 करोड़ भारतीयों को साथ लेकर देश को विकसित बनाना है। यह महोत्सव युवाओं को प्रेरित करेगा और उन्हें राष्ट्रीय विकास में अपनी भूमिका निभाने का अवसर देगा। उन्होंने बताया कि इस बार महोत्सव में डिजिटल और सामाजिक मंचों का बेहतर उपयोग किया जाएगा। उन्होंने इसे युवाओं के लिए अपने विचार साझा करने और देश के भविष्य निर्माण में योगदान देने का एक सुनहरा अवसर बताया। मांडविया ने कहा, युवा शक्ति ही विकसित भारत की नींव है, और प्रधानमंत्री के साथ यह संवाद प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11-12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान युवाओं के साथ संवाद करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर विकसित भारत की अपनी योजना पर चर्चा करेंगे और युवाओं को इससे जोडने की अपील करेंगे।

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन ओडिशा के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यहां की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करते हैं और इससे राज्य के विकास में मदद मिलेगी।

एलपीएससी निदेशक नारायणन ...

नवीनतम दो स्पैडएक्स उपग्रहों को लॉन्च करके पहला स्पाई डॉकिंग प्रयोग प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और पीएसएलवी-सी60 को 30 दिसंबर, 2024 को पूरा करने का लक्ष्य, जिससे भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया, शामिल है।

इसरो ने एक्स पर कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग 09 जनवरी को सुबह आठ बजे के बाद शुरू होगी। इसने कहा कि पाडेक्स डॉकिंग कार्यक्रम देखें। दिनांक: 9 जनवरी 2025। समय: सुबह 8:00 बजे से।

सौम्या चौरसिया को बड़ी ...

मांगा गया। एसीबी की ओर से श्लोक श्रीवास्तव और मिथिलेश वर्मा ने यह तर्क दिया कि, एसीबी के प्रकरण में चार्जशीट दाखिल करने की मियाद 60 दिन बल्कि 90 दिन है। इस पर बचाव पक्ष के अधिवक्ता फैजल रिजवी ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत के साथ यह तर्क किया कि, चार्जशीट दाखिल करने की अवधि 60 दिन है। बचाव पक्ष की ओर से बीएनएसएस 187(3) का उल्लेख करते हुए न्यायालय से अनुरोध किया कि, इसमें भी साठ दिवस की अवधि निर्धारित है।

दिल्ली में चुनाव : तीनों पार्टियों ...

डरकर चुनाव को टाल न दें। हमारे बीच में यही बात थी कि भाजपा का जनता के बीच में कोई नेरेटिव नहीं है, कोई प्रोग्रेसिव बात नहीं है, उनकी चुनाव की कोई तैयारी नहीं दिख रही है। ब्यूरो

आपदा सरकार भगाएगी दिल्ली: सचदेवा

मतदान तिथि की घोषणा के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जिस दिन का हर दिल्लीवालों को इंतजार था, आखिरकार चुनाव आयोग ने उसे घोषित कर दिया। मतदाता एक नई बेहतर और खूबसूरत दिल्ली बनाने वाले विजन को वोट करेंगे। 8 फरवरी को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कमल का फूल खिलेगा और दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी। जो लोग झूठ का गुब्बारा फुला रहे थे और चुनाव अधिकारियों को धमका कर राजनीतिक दबाव बना रहे थे, आज उन सब के मुंह पर ताला लगा दिया गया है।

दिल्ली की जनता भी ऐसी भ्रष्टाचारी और दिल्ली को लूटने वाली आपदा सरकार को सत्ता से भगाने के लिए संकल्पित है। पूरे चुनाव के लिए 13,033 बूथों पर भाजपा के कार्यकर्ता हैं और डोर टू डोर लोगों से संपर्क करना, वोटर लिस्ट की जांच करना और दिल्ली की जनता से केजरीवाल सरकार की 10 साल की नाकामी से अवगत कराने का काम कर रहे हैं। जनता की जो आवाज आ रही है वह परिवर्तन की बदलाव की आवाज है। भाजपा सरकार की आवाज है, इसलिए दिल्ली से अब आपदा जा रही है और भाजपा आ रही है।

दिल्ली के लोग मौजूदा सरकार से ऊब गए हैं। हर मोर्चे पर नाकाम रही आपदा सरकार को इस बार बदलने का दिल्ली ने मन बना लिया है। नतीजे आने पर पूरा देश दिल्ली के बदलाव को देखेगा। चुनाव इस बार सप्ताह के बीच बुधवार को हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भंडार विभाग

ई-टेंडर नोटिस नं. एस आई टी/14/24/57 तिथि - 31 दिसम्बर - 2024

Sr. No.	Tender No.	Description	Tender Closing/ Opening date & time	Qty.
1	06240092	रेट कॉन्ट्रैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ इलास्टिक रेल क्लिप एम के III फिट प्लेट टो 60 यू आई सी/52 केजी रेल	15.01.2025 at 10:30 hrs	712945 नग
2	02241904A	आइ ओ एच किट फॉर एम 12/आई आर01/पैन01	23.01.2025 at 10:30 hrs	69 नग

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है. शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेहर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।

सहायक सामग्री प्रबंधक-II
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/417

South East Central Railway | @secrail

नगर पंचायत इंदौरी, पांडातराई एवं नगर पालिका पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने किया 2 करोड़ 62 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

विधायक भावना बोहरा के प्रयास से पंडरिया विधानसभा को मिल रही करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। सौन्दर्यीकरण से लेकर जनता की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली,पुल-पुलिया निर्माण, प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने करोड़ों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने सोमवार को इंदौरी नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार की लागत से होने वाले कुल 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मंगलवार को उन्होंने नगर पंचायत पांडातराई में हाई मास्ट लाइट एवं शेड निर्माण हेतु 34 लाख 5 हजार तथा नगर पालिका परिषद् पंडरिया में कुल 49 लाख 37 हजार की लागत से शेड व आहता निर्माण तथा सांस्कृतिक कला मंच एवं प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस तरह कुल 2 करोड़ 62 लाख 12 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकाँक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित

की जा रही है। वहीं हमारे शहरी क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए अधोसंरचना विकास व सौन्दर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण तथा सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों की सौगात जनता को लगातार मिल रही है। इस सौगातविधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता के विश्वास से ही आज पंडरिया विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में निरंतर विकास कार्य हो रहें हैं। मोदी की गारंटी में किये वादों को पूरा करने माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वहीं कल्याणकारी योजनाओं से जनता के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आज हर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है इससे क्षेत्र के विकास के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है।

छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकाँक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

न्यूज गैलरी

नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। लायंस क्लब एवं माहेश्वरी समाज तथा एस एम सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन महेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। इसमें लगभग 200 से अधिक विभिन्न रोगों से संबंधित मरीजों की जांच की गई। गणेश जी और सरस्वती जी की पूजा के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ । इसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ ,हड्डी रोग विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित थे।

जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी ,डॉक्टर महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रज्ञा सूरवंशी, पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय कुमार अग्रवाल एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ खरे उपस्थित रहकर मरीजों की जांच की। इसमें आए मरीजों की ब्लड प्रेशर शुगर हड्डी रोग से संबंधित हार्ट से संबंधित महिला रोग से संबंधित तथा पेट रोग से संबंधित जांच की गई और आवश्यक उपचार बताया गया।

इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, रोशन हबलानी,दिनेश बजाज सूरज गुप्ता, नरेंद्र भूषणिया, श्याम रतन मूंदड़ा गिरधर गोविंदानी राजेश अग्रवाल संदीप भट्टार विनोद अग्रवाल प्रकाश बजाज के अतिरिक्त माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष छोटी

दमानी,राजेश झवर, अनिल चांडक, तरुण मूंदड़ा, मौजूद रहे। इस शिविर को सफल बनाने में डॉ पंकज अग्रवाल चंदन राजपूत का विशेष योगदान रहा। मौके पर उपस्थित लोगों को डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में नगरवासियों लायंस क्लब भाटापारा तथा माहेश्वरी सभा भाटापारा के सहरानीय कार्यों की प्रशंसा की।

भागवत साहू के नेतृत्व में राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए जिला साहू संघ के पदाधिकारी

पांच करोड़ रुपये की लागत से राजिम माता की कांस्य प्रतिमा होगी स्थापित : मुख्यमंत्री

■ **सीएम के करकमलों से भागवत, तरुणा ,दीपक एवं अंकालू साहू सम्मानित हुए**

राजनांदगांव/नवप्रदेश।आज राजिम में वृहद राज्य स्तरीय संत शिरोमणी भक्त राजिम माता जी की जयंती समारोह राजिम धर्म नगरी में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू डीप्टी सीएम अरूण साव ,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपास्थि भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।इस दौरान छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज की मांग पर नदी के तट पर भक्त शिरोमणी राजिम माता जी की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित करने पांच करोड़ रुपये देने की घोषणा की।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस आश्य की घोषणा से कार्यक्रम स्थल राजिम माता जय -राजिम माता जय - जय, साहू समाज की जय गुंजायमान हो गया और मुख्यमंत्री के उक्त घोषणा से सामाजिक जन एक दूसरे को बधाई देते नजर आए।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर सभी समाजिक जनों माता राजिम जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी।इस गरिमामय समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में दिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्ति सर्वश्री भागवत साहू, रेल्वे सुरक्षा बल में कार्यरत श्रीमती तरुणा साहू, पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू दैनिक सुबह का प्रहरी ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू ब्यूरो चीफ पहट को सूबे के मुखिया विष्णु देव साय के करकमलों से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सर्व श्री भागवत साहू, नीलमणी साहू महामंत्री जिला साहू संघ, नोबल साहू कोषाध्यक्ष , जिला साहू संघ,तुलदास साहू, श्रीमती मुनेश्वरी साहू, मोतिम साहू, केसरी साहू ,शोभा साहू ,अहिल्या साहू, लीना साहू ,गिरजा साहू ,चंद्रप्रभा साहू ,विजय साहू, प्रीतम दास साहू ,श्यामा चरण साहू ,जगमोहन साहू ,गुलशन बघेल,लता साहू अनुराधा साहू,तिमला साहू, केशरी साहू ,सुमन खिलेश्वरी साहू ,छाया साहू ,अंजू साहू सहित जिला साहू संघ मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पत्रकार अंकालू साहू की विशेष रूप से उपास्थि रही।उक्ताशय की जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू

विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्राओं को पाक्सो एक्ट के संबंध में दी जानकारी

कोंडागाँव/नवप्रदेश। पोक्सों एक्ट (लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) के प्रति जागरूकता बढाने के उददेश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन माननीय उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में एवं सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के नेतृत्व में श्रीमती हसीना खान एवं सुश्री जरीना बानों अधिकार मित्र/पैरालीगल वालिंटियर के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाबाल में किया गया। इस शिविर में छात्रों और शिक्षकों को बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई साथ ही बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि वे किसी भी प्रकार की अनुचित स्थिति का सामना करे, तो उन्हें इसे छिपाना नहीं चाहिए बल्कि तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करना चाहिए। इसके साथ ही हेल्पलाईन नंबर और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी बताते हुए छात्राओं को बाल विवाह ,व गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को उनके शरीर की सुरक्षा, आत्मसम्मान और किसी भी अनुचित व्यवहार की पहचान करने के लिए शिक्षित होने व आत्मरक्षा के टिप्स दिया गया ।

भारतीय सेना अग्निवीर (वायु) भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन 27 जनवरी तक

कोंडागाँव/नवप्रदेश। भारतीय सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा भारतीय सेना अग्निवीर (वायु) भर्ती हेतु सूचना जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती के लिए 27 जनवरी इस भर्ती प्रक्रिया में केवल वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हुआ है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगों नहर संभाग क्रमांक 6, सक्ती
जिला सक्ती (छ.ग.)
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
निविदा निरस्तीकरण आदेश

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग रायपुर के पृ.क्र. 4263217/निविदा प्रकोष्ठ/ 2024/13792 (टीसी) नवा रायपुर दिनांक 20.12.2024 के परिपालन में इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 18.09.2024 सिस्टम नं. 158451 (प्रथम आमंत्रण) को एकल निविदा प्राप्त होने के कारणवश एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है। (पूर्व प्रकाशन का जी. नं. 242502603)

कार्यपालन अभियंता
जी-242505137/9 मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक-6
नंदेलीभाठा-सक्ती

1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में लगवाना होगा अब हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट

कोण्डागांव/नवप्रदेश। अब सभी वाहन मालिकों को हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य रुप से लगाना पड़ेगा। इसके लिए परिवहन विभाग ने 4 महीने का समय दिया है। दोपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए शुल्क वाहन मालिकों को देना होगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह नंबर प्लेट बहुत सुरक्षित है। सड़क हादसों को देखते हुए वाहनों की रफ्तार और ट्रैफिक नियमों को मजबूत बनाने के लिए यह कवायद की गई है। वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया शुरु हो गई है।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने हेतु अधिकृत पंजीकृत पोर्टल httpsÑ// cgtransport.gov.in/ जारी किया गया है, जिसके माध्यम से ऑनलाईन एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने हेतु आवेदन किया जा सकता है। उस साइट में जाकर अपनी सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, मोबाईल नंबर, और फ्यूल ऑप्शन आदि भरने के बाद पंजीकृत मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसके पश्चात् निर्धारित शुल्क भुगतान करने के पश्चात् एक रसीद मिलेगी।

जैसे ही वाहन का हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट तैयार हो जाएगी, मोबाइल पर उसका मैसेज आ जाएगा। इसके बाद अधीकृत डीलर के पास जाकर उसे लगवा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए शासन द्वारा अलग-अलग वाहनों के लिए शुल्क निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार टू-व्हीलर के लिए 365.80 रूपए, थ्री-व्हीलर के लिए 427.16 रूपए, एलएमवी के लिए 656.08 रूपए और हेवी कॉमर्शियल वाहनों के लिए 705.64 रूपए निर्धारित है।

एचएसआरपी नही लगाने वाले वाहन मालिकों को देना होगा जुर्माना

शासन द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने हेतु 19 मार्च 2025 के भीतर जल्द से जल्द कैन्द्रीय मोटरयान अधिनियम में दिए गए निर्देशानुसार सभी वाहनों पर एचएसआरपी लगाए जाने की कार्यवाही किया जाना है ताकि पेनाल्टी से बचा जा सके।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग सूरजपुर (छ.ग.)
// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(निविदा निरस्तीकरण सूचना)

इस कार्यालय के द्वारा ऑनलाईन निम्नानुसार निविदाएं (प्रथम आमंत्रण) आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदाओं में एकल निविदा की स्थिति निर्मित हुई है जिसका विवरण निम्नानुसार हैं :-

निविदा सिस्टम क्रं./ एनआईटी क्र./दिनांक	निविदा सिस्टम क्रं./ एनआईटी क्र./दिनांक
STN NO 162356 NIT NO 07/SAC/2024-25 06.12.2024	STN NO 162358 NIT NO 08/SAC/2024-25 06.12.2024
STN NO 162359 NIT NO 09/SAC/2024-25 06.12.2024	STN NO 162652 NIT NO 12/SAC/2024-25 10.12.2024

अतः उक्त प्रथम ऑनलाईन निविदा को एतद् द्वारा एकल निविदा की स्थिति निर्मित होने के कारण निरस्त किया जाता है।

(चन्द्रभानु ध्रुव)
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग सूरजपुर (छ.ग.)
कृते/-मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन,
विभाग अंबिकापुर (छ.ग.)
जी-242505185/9

प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही पर कमिश्नर ने बड़ेराजपुर के जनपद सीईओ को किया निलंबित

कोंडागांव/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर बस्तर संभागायुक्त श्री डोमन सिंह द्वारा बड़े राजपुर के जनपद सीईओ पर बड़ी कार्यवाही की गई है। संभागायुक्त ने जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गेंदलाल चुरेन्द्र को हितग्राहीमूलक महत्वाकांक्षी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को समय-सीमा में पूर्ण किये जाने में लापरवाही बरतने एवं अपने पदीय कर्तव्यों तथा शासकीय कार्यों के निर्वहन में रूचि नहीं लिये जाने के फ्लस्वरूप उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत निलंबित किया है। उक्त कृत्य के लिए इनके विरुद्ध विभागीय जांच भी की जाएगी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बलरामपुर (छ.ग.)
E-mail eebalram-phe-cg@nic.in
रूची की अभिव्यक्ति क्र/05/ले.शा./ज.जी.मि./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2025
बलरामपुर, दिनांक 02/01/2025
आन लाईन निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत *Hire Vehicle on rent for PHE Division Balrampur under jal jeevan Mission* के लिए रूची की अभिव्यक्ति हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सि.नि.क्र.	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
163812	24.00

निविदा एवं कार्य का विस्तृत वितरण तथा धरोहर राशि बिड बैधता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी आनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.01.2025 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 24.01.2025 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार आनलाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-बलरामपुर (छ.ग.)
जी-42505131/3

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर
निविदा आमंत्रण तिथि :- 06.01.2025
// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //
01.निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग-स.क्र. 01 से 03 जशपुर, स.क्र.04 से 05 अम्बिकापुर एवं स.क्रं. 06 मनेन्द्रगढ़ संभाग
03 स.क्रं. 01, 02, 05, 06 "द" वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार एवं स.क्रं. 03,04-स वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- स.क्रं. 1-17.01.2025 एवं स.क्रं. 02 से 06-27.01.2025

सरल क्रं.	एन.आई.टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	163	उपसंभाग जशपुर क्रं.1 अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	50.00
2	164	जिला जशपुर के शंख (लोदाम) में चेक पोस्ट कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	35.77
3	165	जिला जशपुर के घोरडेगा बस्ती पहुंच मार्ग लंबाई 1.52 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	169.04
4	166	जिला सरगुजा के डिगमा से इंजीनियरिंग कालेज पहुंच मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। (वास्तविक लंबाई 1.045 कि.मी.) (प्रथम आमंत्रण)	124.42
5	167	अम्बिकापुर केरता जगन्नाथपुर प्रतापपुर मार्ग के कि.मी. 01 से 42 तक बी.टी. पैच एवं अन्य कार्य।(प्रथम आमंत्रण)	84.82
6	168	जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में जिला परिवहन कार्यालय भवन, चेकपोस्ट (घुटरी टोला) का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	35.39

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर
जी-242505166/4

कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास) सूरजपुर,
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
संयुक्त जिला कार्यालय भू-तल कक्ष क्रमांक G-03
E-mail ID-actwsurajpur@gmail.com
क्रमांक/निर्माण/आ.वि./2024-25/2279 सूरजपुर, दिनांक 03/01/2025
निविदा सूचना द्वितीय आमंत्रण

निविदा हेतु निर्धारित तिथि निम्नानुसार है :-
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन (चालान सहित) देने की अंतिम तिथि :- 10.01.2025 (अपरान्ह 05.30 बजे तक)
2. कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-15.01.2025 (अपरान्ह 05.30 बजे तक)
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय :- 17.01.2025 (अपरान्ह 05.30 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि :- 20.01.2025 (अपरान्ह 12.00 बजे से)
5. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 2 माह (प्रत्येक ग्रुप क्र. कार्य हेतु)

ग्रुप क्र.	निविदा कार्य	वि.खं.	निविदा राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	अमानत राशि (रु.में)
1	2	3	4	5	6
1	विभागीय छात्रावास/ आश्रमों में अनुरक्षण एवं लघु निर्माण कार्य।	सूरजपुर	5.50	750.00	5000.00
2		ओड़गी	12.30	750.00	9300.00
3		प्रेमनगर	16.37	750.00	12300.00
4		ओड़गी	4.00	750.00	4000.00
5		रामानुजनगर	16.64	750.00	12500.00
6		प्रतापपुर	6.45	750.00	5000.00
7		भैयाथान, प्रतापपुर, सूरजपुर	7.10	750.00	5400.00
8		सूरजपुर	2.48	750.00	2500.00

उपरोक्त निर्माण कार्य की सामन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी कार्यालयीन सूचना पटल पर एवं https://surajpur.nic.in/ आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
जी-242505138/3

सरकारी जमीन का हो रहा था व्यवसायिक उपयोग, कार्रवाई

100 साल पुराने जर्जर मिशन अस्पताल पर चला प्रशासन का बुलडोजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। मिशन अस्पताल का लीज 1994 लीज खत्म होने के बाद प्रबंधन ने 30 वर्षों तक लीज का नवीनीकरण नहीं करवा। बगैर नवीनीकरण अस्पताल के नाम पर व्यावसायिक उपयोग करने लगे। प्राइम लोकेशन की सरकारी जमीन को किराए पर चढ़ा दिया। चौपाटी बनाने के साथ ही लाखों रुपये किराया वसूलने लगे। तय नियमों व शर्तों का उल्लंघन करने के चलते जिला प्रशासन ने कब्जे की कार्रवाई प्रारंभ की।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को जिला प्रशासन ने मिशनरी के कब्जे वाले अस्पताल को जमींदोज करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। मिशन अस्पताल कैम्पस के भीतर बने भवनों को जमींदोज करने नगर निगम का अमला सुबह से ही जुटा हुआ था। पुलिस बल की मौजूदगी में कैम्पस के भीतर बने भवनों को ढहाया जा चुका है। मिशन अस्पताल के लीज धारकों की अपील कमिश्नर न्यायालय से निरस्त होने के बाद जिला प्रशासन ने अस्पताल परिसर के अलावा आसपास के जमीनों पर कब्जा कर लिया था। कैम्पस के मुख्य गेट पर जिला प्रशासन कीओर से नोटिस चस्पा कर दिया गया था। शहर के बीचो-बीच और प्राइम लोकेशन पर स्थित मिशन अस्पताल की जमीन के स्वामित्व को लेकर कमिश्नर कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था। कमिश्नर कोर्ट ने लीज धारकों की अपील खारिज कर दी थी। कोर्ट के फैसले के बाद जिला प्रशासन ने अस्पताल और पूरी जमीन को पहले ही अपने कब्जे में ले लिया था। मिशन अस्पताल के लीज का मामला काफी चर्चाओं में रहा था। यह जमीन प्राइम लोकेशन में स्थित है। जिसे सेवा के नाम से 11 एकड़ जमीन लीज पर दी गई थी। लीज पर जमीन लेकर डायरेक्टर रमन जोगी ने इसे चौपाटी बनाकर किराए पर चढ़ा दिया और इसके एवज में हर महीने लाखों रुपये कमाने लगे थे। कैम्पस के भीतर एक रेस्टोरेंट भी इस पर संचालित हो रहा था।

यह है मामला

मिशन अस्पताल की स्थापना वर्ष 1885 में हुई थी। इसके लिए क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन हॉस्पिटल बिलासपुर ,तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ को जमीन आवंटित की थी। यह मोहल्ला चांटापारा शीट नंबर 17, प्लाट नंबर 20/1 एवं रकबा 382711 एवं 40500 वर्गफीट है। 1966 में लीज का नवीनीकरण कर साल 1994 तक लीज बढ़ाई गई थी। पुलिस की अवधि 31 अप्रैल 1994 तक के लिए थी। जिसमें मुख्य रूप से निर्माण में बदलाव एवं व्यवसायिक गतिविधियां बिना कलेक्टर की अनुमति के न किए जाने की शर्त थी। पुलिस की नवीनीकरण उपरांत सीट नंबर 14 प्लाट नंबर 20 रकबा 474790 में से 92069 वर्गफीट अन्य व्यक्ति को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय भी किया गया था। इसके साथ ही किराए पर अन्य प्रतिष्ठानों को दे इसे कमाई का माध्यम बना लिया गया था। 1994 को लीज खत्म होने के बाद 30 वर्षों तक लीज का नवीनीकरण नहीं करवाया गया था।

लीज की शर्तों का किया उल्लंघन

लीज की शर्तों का उल्लंघन कर व्यावसायिक उपयोग करने पर कलेक्टर अवनीश शरण ने दस्तावेजों की पड़ताल करने का निर्देश दिया था। जब रिकॉर्ड मंगवाए गए तब चौंकाने वाले खुलासे हुए। सन 1966 में लीज का नवीनीकरण कराते हुए इसे 1994 तक के लिए बढ़ाई गई थी। 31 अप्रैल 1994 तक लीज की अवधि थी।

न्यूज गैलरी

परधान जनजाति युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा विधानसभा क्षेत्र खुटाघाट मेलनाहीह में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अधिक से अधिक परधान जनजातिय समाज के लोग उपस्थित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पाली तानाखर विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में के.पी मरकाम, गणेश खुशरो, युवराज सिंह परधान,आदि उपस्थित हुए,इस कार्यक्रम के माध्यम से परधान समाज को गौरवान्वित करने वाले नवनियुक्त प्राशासनिक अधिकारी एवं जवाहर उत्कर्ष, एकलव्य चयन परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले बालक बालिका का सम्मान किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि द्वारा उद्बोधन किया गया,अंत में वनभोज के पश्चात सभी का आभार व्यक्त करके शांतिपूर्वक कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में परधान युवा संगठन कर्रा मेलनाडीह का विशेष सहयोग रहा।

2014 से सिम्स में सेंटर संचालित, नशे के आदी मरीजों का होता है इलाज

सिम्स ओएसटी सेंटर से इलाज के बाद मरीज जी रहे सामान्य जिंदगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स में स्थापित ओ.एस.टी सेंटर का संचालन जून 2014 से किया जा रहा है। संचालित ओ. एस. टी सेंटर में इंजेक्शन से नशा करने वाले मरीजों को ओ. एस. टी. की दवा विकल्प के रुप में दिया जाता है। ओपियाइड अफीम जैसे गुण रखने वाले पदार्थों के समूह है जिसमें अफीम, हेरोइन, मॉर्फिन इत्यादि शामिल है।

आपियाइड दवाएं दर्द निवारक के रुप में अनेक बीमारियों में उपयोग की जाती है, इनमें से कुछ की सेवन जैसे हेरोइन, ब्यूप्रोनोरफिन, पेन्टाजोसीन इंजेक्शन के माध्यम से नशे के लिये कुछ लोग इस्तेमाल करते है। इंजेक्शन से ओपियाइड के नशे के आदि व्यक्ति का जीवन नशे के इर्द गिर्द ही घुमता रहता है, इनके जीवन का ज्यादातर समय नशे की पूर्ति, उसके इस्तेमाल, उसके प्रभाव से उबरने में बितता है और अनेक गैर कानूनी कार्य में लिप्त होने पर मजबूर करता है, नशे नहीं मिलने की वजह से ऐसे व्यक्तियों में शारिरिक एंव मानसिक लक्षण उत्पन्न होतें हैं जो इनको नशा दोबारा करने और नशे के चक को बनाये रखने में जिम्मेदार होता है, इस वजह से नशे का आदी व्यक्ति अपने कार्य, परिवार और समाज में अपने काबिलियत के अनुरुप योगदान नहीं दे पाता है। इंजेक्शन के माध्यम से ओपियाइड के नशे करने वालो का ईलाज डेटो इन इंफेक्शन के जरिये दिनों से हपतों तक लग सकते हैं पर दुर्भाग्यवश अनेक लोग दोबारा इसके चंगुल में फंस जाते हैं। ऐसे लोग के लिए ओ. एस. टी सेंटर एक विकल्प है। भारत में ओ. एस. टी के माध्यम से इंजेक्शन लगााने वाले ओपियाड नशे के आदी मरीजों को ओपियाइड की दवाई लम्बे समय तक चिकित्सा पर्यवेक्षण के साथ देने का प्रावधान है। ओ. एस. टी का कियान्वयन नाको द्वारा अनेक एचआईवी रोकथाम की रणनिति के तहत 2007 से किया जा रहा है। देशभर में इस के लिए नाको द्वारा अनेक केन्द्र स्थापित किये गये है, जहाँ चिकित्सक डॉ. जी. एस. सिंह (नोडल ऑफिसर), परिचारिका एंव अन्य आवश्यक स्टॉफ सेवाएं देते हैं।

प्रतिदिन 175 मरीज दवा लेने आ रहे

यह सेंटर छ.ग.राज्य एड्स नियंत्रण समिति (CGSACS) रायपुर के द्वारा संचालित की जाती है। ओ. एस. टी सेंटर सिम्स का संचालन डीन डॉ. रमणेश मूर्ति व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह की सत् निगरानी में किया जा रहा है। वर्तमान में ओ. एस. टी सेंटर में 586 मरीजों का पंजीयन किया जा चुका है। यहाँ प्रतिदिन 170 175 मरीज ओ. एस. टी की दवा खाने आते हैं।

कांग्रेस ने दिया अवसर तो नए साल में जीत कर देंगे पार्टी को तोहफा: त्रिलोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में नगरी निकाय के आरक्षण तय होने के पश्चात बिलासपुर नगर पालिका निगम मैं महापौर का पद पिछड़ा वर्ग के लिए सुरक्षित हुआ है, इसके लिए कांग्रेस नेता त्रिलोकचंद श्रीवास जो जिले में लोकप्रिय है, अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत किया है। विदित हो कि आरक्षण के पूर्व ही त्रिलोकचंद्र श्रीवास के बेलतरा विधानसभा एवं बिलासपुर विधानसभा के हजारों समर्थकों ने बैठक करके त्रिलोक श्रीवास को आपकी उम्मीदवार घोषित करने का मांग किया था। आरक्षण पश्चात स्थिति स्पष्ट हो गई है त्रिलोकचंद्र श्रीवास ने बताया कि बेलतरा क्षेत्र के 125000 मतदाता बिलासपुर नगर निगम में आते हैं एवं तखतपुर बिल्हा और मस्तूरी के वार्ड बिलासपुर नगर पालिका में जुड़े हैं। वहां भी उनका व्यक्तिगत जनसंपर्क और सीधा जुड़ाव है। बिलासपुर शहर से वे स्वयं 30 वर्षों से एवं उनका परिवार 50 वर्षों से सक्रिय रहा है त्रिलोक एवं उनके परिवार के लोग डेट दर्जन से ज्यादा चुनाव लगातार जीते आ रहे हैं ,यदि कांग्रेस पार्टी महापौर प्रत्याशी के रूप में अवसर देती है ,तो नव वर्ष में पार्टी को जीत के साथ तोहफा देंगे। पूरे 70 वार्डों में एक शानदार माहौल बनेगा और युवा चेहरे के साथ सभी वर्ग के लोग अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। जैसे ही पिछड़ा वर्ग के लिए महापौर का पद आरक्षित हुआ त्रिलोकचंद्र श्रीवास के निवास में बेलतरा बिलासपुर के सैकड़ो लोगों का बधाई देने के लिए ताता लगा रहा।

45 पाव देशी शराब सहित युवक गिरफ्तार

■ पचपेड़ी पुलिस ने की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी क्षेत्र में अवैध देशी शराब बिक्री करने वाले आरोपी को 45 पाव देशी शराब सहित पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार एसपी रजनेश सिंह द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही अवैध शराब पर अंकुश लगाने एवं अवैध करोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) बिलासपुर उदयन बेहार एवं सी.एस.पी. (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी पचपेड़ी उपनिरीक्षक श्रवण कुमार टंडन द्वारा टीम बनाकर कार्रवाई के लिए 7 जनवरी को रवाना हुआ था, दौरान पेट्रोलिंग के मुखबीर से सूचना मिला कि थाना पचपेड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से शिवकुमार पटेल पिता बिसऊहा पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी मचहा थाना पचपेड़ी शराब विक्री कर रहा है। उक्त सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिनके द्वारा वैधानिक कार्रवाई करने निर्देशित किये जिसके पालन में मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की गई। आरोपी शिव कुमार पटेल के कब्जे से 45 पाव देसी शराब को जप्त कर आरोपी शिवकुमार पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में 8 जनवरी को समक्ष पेश किया गया।

युवक से 27 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि रामकुमार गोड़ पिता लक्ष्मी राम गोड उम्र 38 वर्ष निवासी सोन थाना पचपेड़ी अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब विक्री कर रहा है। उक्त सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिनके द्वारा वैधानिक कार्रवाई करने निर्देशित किये जिसके पालन में मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की गई। आरोपी रामकुमार गोड के कब्जे से 27 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त कर आरोपी रामकुमार गोड को गिरफ्तार कर न्यायालय में आज समक्ष पेश किया गया है।

जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

बिलासपुर/नवप्रदेश। बढ़ती ठंड लोगों के लिए परेशानी का कारण है। ठंड से बचाव लोगों के लिए बहुत ही आवश्यक है ऐसे में कई गरीब परिवार है जो गर्म कपड़े लेने में असक्षम है। वह अपना बचाव नहीं कर पा रहे शहर में से कई जरूरतमंद परिवारों को देखते हुए शहर की प्रतिष्ठा नायडू डांस क्लास द्वारा लोगों के लिए गर्मकपड़े का स्टॉल रेलवे नॉर्थ इंस्टिट्यूट मैदान के पास सड़क पर लगाया गया जिसमें उन्हें निशुल्क कपड़े वितरित किए गए।

अनुरागी धाम आध्यात्म, पर्यटन और खुशियों का संगम: धरमलाल

■ विशाल भंडारे के साथ 9 दिवसीय अखंड नवधा रामायण का समापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर रायपुर रोड में मुंगेली जिले के सरगांव के नजदीक ग्राम मोतिमपुर में पिछले 9 दिनों से जारी अखंड नवधा रामायण का समापन हो गया। धार्मिक आस्था का केंद्र बने इस स्थान में आसपास के दर्जनों गांव के लोग प्रतिदिन नवधा रामायण सुनने और भजन, आरती में शामिल होते रहे। मंगलवार को यहां सुबह से लेकर शाम रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। आसपास के कई गांव के लोगों के साथ-साथ देशभर से आए हुए अनुयायियों की भीड़ ने इस स्थल को मेले के स्वरूप में तब्दील कर दिया। 7 जनवरी की सुबह 10.30 बजे आरती, 12 बजे सहस्त्रधारा, कन्या भोज के बाद दोपहर 1 से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है, जिसमें इस बार भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अनुरागी धाम समिति ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं को पूरे स्नेह के साथ भोजन प्रसाद कराया और उनकी आस्था भक्ति को सम्मान दिया। इस मौके पर बिल्हा क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक भी उपस्थित हुए। अलग-अलग राज्यों से यहां पधारे साधु संतों की मौजूदगी में उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुरागी धाम जीवंत स्थल है जो लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जब से बाबा अनुरागी यहां समाधिस्त हुए हैं तब से वे यहां वो पूरी आस्था के साथ आ रहे हैं और बाबा अनुरागी के इस पवित्र स्थल में शीश नवाकर क्षेत्र प्रदेश और देश की खुशहाली की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें भी यहां से बहुत कुछ हासिल हुआ है।

ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप के आरोपी अमित की जमानत आवेदन खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल ने महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर अनिल अग्रवाल की जमानत आवेदन को खारिज किया है। आरोपी के खिलाफ मोहन नगर थाना सहित देश के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध है। कोर्ट ने उसके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य होने के कारण जमानत पर छोड़ने से इन्कार किया है। महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर अनिल अग्रवाल के भाई अमित कुमार अग्रवाल को हवाला मामले में एसीबी ने 12 जनवरी 2024 को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मई 2024 को ईडी ने अलग से प्रकरण दर्ज किया है। जेल में बंद आरोपी अमित अग्रवाल ने हाईकोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया था। आवेदन में कहा गया कि दर्ज एफआईआर में आवेदक का नाम नहीं है। उसे झूठे मामले में फसाया गया है। मामले में 145 गवाहों का प्रतिपरीक्षण किया जाना है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसौदिया का उदाहर पेश कर जमानत दिए जाने की मांग की। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने जमानत का विरोध करते हुए कोर्ट को बताया। ईडी ने ईसीआईआर दर्ज किया क्रमांक आरपीजेडओ/ 09/2022 जिसे ईसीआईआर क्रमांक के रूप में पुनः क्रमांकित किया गया। ईडी द्वारा जारी शुद्धिपत्र दिनांक 07.11.2022 के तहत आरपीजेड0/10/2022 उक्त ईसीआईआर में, एफआईआर संख्या 206/2023 दिनांक 02.06.2023 पी.एस. में पंजीकृत साइबर अपराध विशाखापत्तनम आयुक्तालय, आंध्र प्रदेश, एफआईआर संख्या 37/2023 पी.एस. में दर्ज। भिलाई भट्टी, जिला दुर्ग (छ.ग.), एफआईआर क्रमांक 86/2023 27 फरवरी 2023 दर्जपी.एस. छावनी, जिला दुर्ग (छ.ग.), एफआईआर क्रमांक 336/2023 10 अगस्त 2023 को पी.एस. पर पंजीकृत किया गया।

आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में प्रकरण दर्ज

हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12834/12833 हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में 09 से 15 जनवरी तक तथा गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस में 12 से 18 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

योजना

इस वर्ष अब तक 11036 हितग्राही हो चुके हैं लाभान्वित

पीएम स्वनिधि योजना बनी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वरदान, व्यवसाय बढ़ाने में मददगार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पीएम स्वनिधि योजना उन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही हैं, जो स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते है या अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहते है। योजना के तहत् जिले में एक साल में अब तक विभिन्न श्रेणियों में 11,036 हितग्राहियों को योजना के तहत् ऋण स्वीकृत किया गया है। योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

योजना से लाभान्वित जूना बिलासपुर निवासी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वे पान ठेला चलाते हैं, जिसके लिए उन्होंने पहले 10,000 का ऋण लिया उसके बाद 20,000/- रुपए ऋण के लिए आवेदन किया इस ऋण को चुकाने के बाद उन्हें 50,000 का ऋण प्राप्त हुआ।

उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि को व्यवसाय में लगाकर उन्होंने आय अर्जित की और समय पर ऋण का भुगतान किया जिसके कारण वे अधिक ऋण के पात्र बनें। उन्होंने कहा कि योजना से मिली राशि से उनका व्यवसाय बढ़ा जिससे उनकी आय में भी बढ़ोतरी हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा कि इस योजना से हम जैसे लोगों को बड़ी सहायता मिल रही हैं। योजना से लाभान्वित मसानगंज निवासी असद अखतर खान ने बताया कि वे फॉस्ट फूड का ठेला चलाते हैं, योजना से मिली राशि का उपयोग उन्होंने अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में किया हैं, जिससे उनकी आय बढ़ी हैं, उन्होंने योजना के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक ऐसी योजना जो जरूरतमंद परिवारों को फुटकर व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने का संबल प्रदान करती है। योजना के तहत् प्रथम ऋण के रूप में 10,000 रुपए तक का लोन दिया जाता है, समय पर लोन चुकाने पर अगली बार 20,000 रुपए का ऋण दिया जाता है, और इस राशि को चुकाने के बाद योजना के तहत् 50,000 का ऋण दिया जाता है।

7591 हितग्राहियों को ऋण राशि दी जा चुकी

जिले में योजना के तहत् प्रथम ऋण के लिए 8,123 लक्ष्य प्राप्त है, जिनमें आज तक 7944 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, और 7591 हितग्राहियों को ऋण राशि दी जा चुकीं हैं। द्वितीय ऋण के लिए 3673 लक्ष्य दिया गया हैं, जिनमें 2398 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, और 2207 हितग्राहियों को ऋण राशि प्रदान की गई हैं। तृतीय ऋण 50,000 के लिए 330 लक्ष्य रखा गया हैं, जिसके विरूद्ध प्राप्त 975 आवेदनों में से 694 आवेदनों को स्वीकृति दी गई और 559 हितग्राहियों को ऋण राशि दी गई हैं। शेष स्वीकृत आवेदनों को वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2025 तक ऋण राशि प्रदान कर दी जाएगी। इस योजना के लिए आवेदन नगर निगम की शहरी आजीविका मिशन शाखा के माध्यम से किया जा सकता हैं।

न्यूज गैलरी

ग्रीष्मावकाश में 25 मार्च से परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ. ब्रॉस मास्टर की एकेडमी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस पंचम वर्ष में भी योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा आगामी ग्रीष्मावकाश में 25 मार्च से उक्त परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। 45 दिवसीय निःशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में उपलब्ध कराये जायेंगे। निःशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग 45 दिवसीय के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। जेईई/नीट यूजी/बीएससी नर्सिंग/सीयूईटी यूजी तथा व्यापम परीक्षा 2025 की तैयारी हेतु जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय अशासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में शिक्षा सत्र 2024-25 में नियमित रूप से अध्ययनरत सभी जाति वर्ग के कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत गणित संकाय के छात्रों के लिए जेईई तथा 12वीं में अध्ययनरत विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए नीट यूजी की तैयारी करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग के लिए ऑफलाईन एवं ऑनलाईन गुगल फार्म के माध्यम से 10 जनवरी से 25 फरवरी तक पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पंजीयन किये जायेंगे। पंजीयन आवश्यक है। दूरस्थ छात्रों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए मो.नं. 9303901651 से संपर्क कर सकते हैं।

कब्जाधारियों पर कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। राजस्व विभाग द्वारा नगर पंचायत सरगांव के ग्राम उमरिया में 2.5 एकड़ शासकीय भूमि खसरा नंबर 814/1 को 7 बेजा कब्जाधारियों चेतन बाई, धरमदास, कुंवर दास, ठेलू, झईयन बाई, सुमित्रा यादव और बुधवा से मुक्त कराया गया। न्यायालय में सुनवाई के पश्चात उक्त कब्जाधारियों के विरूद्ध विधिवत बेदखली आदेश पारित किया गया, जिसके पश्चात यह कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलदार अतुल वैष्णव, नायब तहसीलदार लीलाधर क्षत्रिय, चौकी प्रभारी नन्द पैकरा, पटवारी देव चतुर्वेदी व अन्य मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर संविदा भर्ती परीक्षा आज

अम्बिकापुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला सरगुजा अंतर्गत संविदा नियुक्ति प्रक्रिया हेतु पदवार पात्र अभ्यर्थियों की लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा 09 एवं 10 जनवरी तथा 15 से 17 जनवरी 2025 तक विभिन्न पदों हेतु शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होगी।

संबंधित अधिकारियों को फटकार, कलेक्टर ने जनदर्शन के प्रकरणों का निराकरण करने के दिए निर्देश

आमजनों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों को कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनी

मुंगेली/नवप्रदेश। जनदर्शन में कुल 149 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर राहुल देव ने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जनदर्शन के प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बड़ी आस के साथ आमजन अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों को लेकर जनदर्शन में पहुंचते हैं। इसके निराकरण में किसी भी प्रकार के लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग के अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों की

जानकारी लेते हुए आवदेकों को आवश्यक कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया। जनदर्शन में ग्राम बरदुली के जयचंद माथुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत द्वितीय किस्त की राशि दिलाने, ग्राम बिरगांव के राकेश कुमार ने जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, बैद्यनाथ ने अत्यधिक बिजली बिल से राहत दिलाने, बड़ा बाजार मुंगेली के रामेश्वर ने जाति प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम लालपुर कला के मथुरा प्रसाद ने धान विक्रय हेतु टोकन कटाने, ग्राम हथनीकला के रमेश कुमार ने लो वोल्टेज की समस्या से निदान एवं नया ट्रांसफार्मर लगाने, ग्राम चकरभाठा के ग्रामीणों ने अतिक्रमण मुक्त कराने, शीतलदाह के पंचराम साहू ने धान के पंजीयन कराने हेतु आवेदन सौंपा। इसी तरह अन्य आवेदकों ने भी अपनी मांगो, समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए।

जनदर्शन कक्ष में धान खरीदी की अधिकारियों ने समीक्षा की

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में धान खरीदी की अधिकारियों ने समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्र प्रभारी धान खरीदी का कार्य गंभीरतापूर्वक करते हुए जीरो प्रतिशत शॉर्टेज का लक्ष्य हासिल करें। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 14 नवम्बर से जिले के 66 समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। बारदाना सहित अन्य कारणों से धान खरीदी बिल्कुल प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने जिले में सुचारू रूप से धान खरीदी करने और उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं होना चाहिए। अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखें। किसी भी किसान के खाली रकबे में कोचिए और बिचौलिए धान बिल्कुल न खपा पाए, इसका ध्यान रखें। उन्होंने अपने रकबा से धान बेच चुके किसानों को शेष रकबा का समर्पण हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियों को किसी के बहकावे में न आने और धान खरीदी का कार्य गंभीरतापूर्वक संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी धान खरीदी से संबंधित शिकायत प्राप्त होगी, तो उस पर तत्काल संज्ञान लिया जाएगा और संबंधित के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

युवा मतदाताओं ने भागीदारी निभाते हुए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया

सामान्य निर्वाचन के संबंध में किया मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

बलरामपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा ने बताया कि 29 अक्टूबर को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कराया गया, जिसके पश्चात् 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक सभी मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त किये गये।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में 09 एवं 10 नवम्बर 2024 तथा 16 एवं 17 नवम्बर को विशेष शिविर आयोजित कर मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत दावा-आपत्ति लिया गया, जिसमें जिले के युवा मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक

अपनी भागीदारी निभाते हुए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण किये जाने पश्चात् 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों एवं जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत समस्त 683 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि अंतिम प्रकाशन के पश्चात् जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 06-प्रतापपुर (आंशिक) अंतर्गत 144 मतदान केन्द्रों में कुल 123533 मतदाता, जिसमें 61460 महिला मतदाता एवं 62073 पुरुष मतदाता हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज अंतर्गत 274 मतदान केन्द्रों में कुल 225002 मतदाता, जिसमें 112116 महिला मतदाता एवं 112879 पुरुष मतदाता हैं एवं थर्ड जेंडर के 07 मतदाता पंजीकृत है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 08-सामरी अंतर्गत 265 मतदान केन्द्रों में कुल 222705 मतदाता, जिसमें 112447 महिला मतदाता एवं 110258 पुरुष मतदाता हैं। जिले में सर्विस मतदाताओं की संख्या 418 है। इस प्रकार जिले के कुल 683 मतदान केन्द्रों में वर्तमान समय में कुल 571240 मतदाता पंजीकृत है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान जिले में कुल 565881 मतदाता पंजीकृत थे, जो कि दावा आपत्ति प्राप्त करने के पश्चात् कुल मतदाता संख्या में 5359 मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जिसमें से 1981 ऐसे युवा मतदाता पंजीकृत हुए जो 18 वर्ष पूर्ण करने के तत्काल बाद अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये थे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उल्लेखित कार्यालयों एवं संबंधित मतदान केन्द्रों में आम नागरिकों से मतदाता सूची में अपने नाम का अवलोकन किये जाने की अपील की है।

आरक्षण कार्य पूर्ण नगर की चुनावी सरगरमी बढ़ी

मुंगेली। नगर पालिका मुंगेली के आगामी चुनाव में नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु आरक्षण का कार्य पूर्ण होने के बाद नगर की चुनावी सरगर्मी बढ़ गई। नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव लड़ने के दावेदार सक्रिय हो गये है। मुंगेली नगर पालिका को सामान्य घोषित किया गया है, जिसको लेकर कांग्रेस-भाजपा सहित निर्दलीय दावेदारों के कई नामों की चर्चा शुरू हो गई है।

नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष पद हेतु आरक्षण की प्रक्रिया में अध्यक्ष पद सामान्य होने के बाद दावेदार अपने समर्थकों के साथ बैठक कर रहे है। दोनों ही पार्टी में टिकिट के दावेदारों की फौज सक्रिय नजर आने लगे है। नगर में चुनाव को लेकर सियासी गर्मी अपने शबाब पर है। शहर में अध्यक्ष पद सामान्य घोषित हो गया है। इसके कारण स्वाभाविक रूप से यहां दावेदारों की फौज खड़ी हो गई है। कांग्रेस और भाजपा में कई बड़े नाम भी दावेदारो की सूची में आ रहे है। कल तक जो नेता पार्षद के लिए दावेदारी कर रहे थे वे अब अध्यक्ष की कुर्सी पर भी नजरे जमाये हुए है। पिछले दिनों वार्डो के पार्षदों का भी आरक्षण स्पष्ट होने के बाद नगर पालिका सभी 22 वार्डो में दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है। सबसे ज्यादा हलचल दोनो प्रमुख पार्टियों में दर्जनों दावेदार चुनाव लड़ने के इच्छुक है। प्रमुख राजनीतिक दल के नेतागण कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेकर चुनाव लड़ने के इच्छुक नामो की जानकारी लेकर समीक्षा करने में लगे हुए है। वर्तमान पार्षद भी अपने लिए सुरक्षित सीट तलाशनी शुरू कर दी है। जिससे पुराने पार्षद और बड़े नेताओं के बीच जमकर जुबानी जंग चल रही है। नेता फिर से वार्ड आरक्षण की लिस्ट देखकर अपने लिए सुरक्षित सीट तलाशते नजर आ रहे है। सुरक्षित सीट से लेकर अनारक्षित सीट तक नए-नए दावेदार सामने आ रहे है। पिछली बार की तरह इस बार भी किस्मत आजमाने के आसार सामने आने लगे हैं। बीते कार्यकाल के दौरान मुंगेली पालिका और जनता को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। इस बार के चुनाव में कैसा समीकरण बैठता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

आनंद मेला में कई प्रकार के व्यंजनों से पंडाल खुशबू से भरा रहा

मुंगेली/नवप्रदेश। भवानी साव रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट में गुरु कश्यप मुनि महाराज की जयकारा के साथ केशरवानी महिला समिति द्वारा आनंद मेला आयोजित किया गया। आनंद मेले की शुरुआत मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सभा प्रदेशाध्यक्ष विभा केशरवानी बलौदा बाजार एवं प्रदेश संरक्षक वैश्य सभा विजय केशरवानी बलौदा बाजार, नगर सभा संरक्षक किरण कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला उपाध्यक्ष अनिता गुप्ता एवं राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महिला महासभा जया गुप्ता ने पुष्प गुच्छ से किया।

अध्यक्ष ज्योति गुप्ता व विशिष्ट सलाहकार राजुल केशरवानी ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत उपहार प्रदान कर किया। सचिव संध्या दीवान ने स्मृति चिन्ह द्वारा विभा का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव संध्या दीवान ने प्रदेश संरक्षक विजय केशरवानी का पुष्प गुच्छ से सम्मान करने के लिए नगर

संरक्षक किरण कुमार गुप्ता को आमंत्रित किया। आनंद मेला में भिन्न-भिन्न प्रकार के व्यंजनों से पंडाल खुशबू से भरा हुआ था।

स्टॉल में नलिनी केशरवानी सूजी बर्गर, पॉपकॉर्न, सपना गुप्ता भेल पूरी, संगीता केशरवानी इडली सांभर, ऋतु गुप्ता चाट, कनक केशरवानी कस्टर्ड, ममता केशरवानी मंजू केशरवानी ढोकला, ज्योति गुप्ता बिंदी लगाओ गेम, संध्या दीवान चाय कॉफी, प्रिंसी गुप्ता स्टफ्ड इडली, कप केक, कविता गुप्ता गुड़हा पप्पची, मुर्रा, प्रतिमा गुप्ता दही गुपचुप, रिंकी गुप्ता चाउमीन, संध्या गुप्ता बफौरी, सुषमा केशरवानी रसकतरा, प्रभा केशरवानी अप्पे, आलू परांठा, स्मिता गुप्ता कप जमाओ गेम का सबने बहुत लुत्फ उठाया और गिटार वादन करते सक्षम, धैर्य, शिविका, समृद्धि, राशि, राघव के गायन, नृत्य ने मनोरंजन में चार चांद लगा दिया। विभा ने अपने संबोधन में कहा की ऐसे आयोजनों से हम आपस में सामाजिक एकता की पाचन बनाते हैं। उन्होंने महिला नगर सभा को इक्कीस सौ रुपए नगद, स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र प्रदान के साथ ही सभी स्टॉल प्रतिभागियों को मैडल और प्रमाणपत्र प्रदानकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, नगर वैश्य समिति, तरुण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सचिव संध्या ने आभार व्यक्त किया।

एनसीओआरडी समिति की बैठक सम्पन्न

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर कटारा की अध्यक्षता एवं एसपी बैंकर वैभव रमनलाल की उपस्थिति में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की तिमाही बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में मादक पदार्थों, नशीली दवाइयों के खिलाफ औषधि, पुलिस एवं आबकारी विभाग को मिलकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर नियंत्रण करने की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के आपसी समन्वय से जिले में लगातार नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर लगातार कार्यवाही करने को कहा।

विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक, धार्मिक महत्व के स्थानों का किया शैक्षिक भ्रमण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबो के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक महत्व के स्थानों का शैक्षिक भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण में गये विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा छत्तीसगढ़ के धार्मिक स्थल रतनपुर और चैतुरगढ़ के ऐतिहासिक, धार्मिक महत्व बताया गया। रतनपुर पहुंचकर बच्चों ने मां महामाया का दर्शन किया।

खूंटाघाट में बच्चों ने कार्टून नदी पर बने विशाल खूंटाघाट जलाशय को देखा और इस जलाशय का छत्तीसगढ़ के कृषि के लिए सिंचाई, मछलीपालन आदि को समझा। विद्यार्थियों को चैतुरगढ़ में मां महिषासुर मर्दिनी का दर्शन किया। यह

शैक्षिक भ्रमण बच्चों के उत्साह के साथ-साथ ज्ञानवर्धन के लिए महत्वपूर्ण रहा। क्योंकि जिसे प्रत्यक्ष देखकर अनुभव किया जाता है, वह सदैव स्मृति में रहता है। इस शैक्षिक भ्रमण में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबो के 96 छात्र-छात्राओं सहित शैक्षिक समन्वयक रामेश्वर प्रसाद साहू, प्रधान पाठक अंजूराम स्प्रे व शिक्षक संतोष कुमार साहू सम्मिलित हुए। शैक्षिक भ्रमण से बच्चे उत्साहित और आनंदित रहें। शैक्षिक समन्वयक रामेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि प्रतिवर्ष हमारी शैक्षिक योजना होती है कि हम विद्यालय के बच्चों को नये-नये महत्वपूर्ण स्थानों का एक बार जरूर भ्रमण करायें। इसी कड़ी में इस वर्ष रतनपुर, खूंटाघाट व चैतुरगढ़ का भ्रमण कराया गया।

108 संजीवनी एक्सप्रेस बीमार, जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वास्थ्य सुविधाओं को सूचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से 108 संजीवनी एक्सप्रेस प्रारंभ किया गया था जिसमे लोगो को लगातार सुविधाए उपलब्ध हो रही थी। आज स्थिति यह है कि लोगो को स्वास्थ्य उपलब्ध कराने वाला आज स्वयं बीमार पडा हुआ है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा सी गई है।

जिले में स्वास्थ्य सुविधा इन दिनों अनीमित नजर आ रही है। स्वास्थ्य सुविधा देने वाले खुद बीमार पड गए है। ऐसा ही एक नजारा पुराना बस स्टैंड स्थित दवाई गोदाम के सामने खडी 108 कोमा में है

108 संजीवनी एक्सप्रेस,विभागीय लापरवाही से कुछ सालों में हो गया कंडम, विभागीय अधिकारियों ने जवाब नहीं हो सकता इसका इलाज, जर्जर हालत मे पडा वाहन बना अय्याशी का अड्डा, शराबखोरी और जुआखोरी के लिये लोग कर रहे उपयोग बीजेपी पदाधिकारी ने लापरवाही और कार्यवाई को लेकर कही बात, जिला औषिध भंडार के सामने धुल खा रही वाहन का जिम्मेदार कौन,जिला औषधि भण्डार के सामने खडी इस 108 वाहन पर शरारती तत्वो ने फुल माला भी चढा दी है इस वाहन के अंदर शरारती तत्वो के लिये सारी व्यवस्थाए है जिसका जमकर फायदा उठा रहे है। लोगो के स्वास्थ्य का सुध लेने वाले इस 108 वाहन का स्वास्थ्य विभाग कब सूधरेगा।

प्रगति... समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति के संबंध में कलेक्टर ने विस्तार से समीक्षा की

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर मूल्यांकन के दिए

मुंगेली/नवप्रदेश। समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति के संबंध में कलेक्टर ने विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आयुष्मान वय वंदना कार्ड की प्रगति के संबंध में जानकारी ली और घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत कार्ड बनाने के लिए कहा।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर प्रगति का मूल्यांकन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा सभी पात्र लोगों को शत-प्रतिशत बीमा सुरक्षा से जोड़ने के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में जानकारी ली और गांव-गांव में कैंप लगाकर लोगों को इस योजना से जोड़ने के लिए कहा। कलेक्टर ने सुकन्या समृद्धि योजना के प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा पात्र हितग्राहियों का शतप्रतिशत खाता खोलने के लिए बेहतर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने नगरीय निकायों में सर्वे कर भूमिहीनों को पट्टा दिलवाने, चिराग परियोजना, जल जीवन मिशन, विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य विभागीय

योजनाओं एवं गतिविधियों में लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यालय में समय पर आने तथा पदीय दायित्वों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं एसपी ने यातायात सुरक्षा के संबंध में भी समीक्षा बैठक ली तथा सड़क दुर्घटना के कारणों की समीक्षा की।

उन्होंने ज्यादा दुर्घटना वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुए वहां पर आवश्यक सुधार कार्य करने तथा सड़कों पर गलत तरीके से खड़े वाहनों एवं ओवरलोड वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले को नशे से मुक्ति करने नशामुक्त मुंगेली अभियान के संबंध में चर्चा की गई। नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता बढ़ाने, जमीनी स्तर पर विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, रैली, सेमिनार, संगोष्ठी आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए जागरूकता पैदा करने आदि विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई। इस दौरान फाइलेरिया से मुक्ति के लिए राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में भी चर्चा की गई।

अभ्यर्थियों ने भर्ती को रद्द कर पुनः भर्ती कराए जाने की मांग की

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा ज्ञापन देकर शिकायत व जांच कर जो दोषियो के ऊपर कठोर कार्यवाही की मांग की। अभ्यर्थियों ने भर्ती को रद्द कर पुनः भर्ती कराए जाने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती घोटाला बीते दिनों से चल रहा छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती चर्चा का विषय बन गया है। जैसे बीते दिन राजनांदगांव में चल रहा पुलिस भर्ती में हुए घोटाले को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा के द्वारा उसको रद्द किया गया। वैसे ही

मामला सकरी, बिलासपुर जिला में चल रहे भर्ती प्रकिया में भी गड़बड़ी कर अपने करीबियों को पैसे लेकर नंबर बढ़ाया गया है। जिसके तारतम्य में बिलासपुर पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक मुंगेली को पुलिस अभ्यर्थियों द्वारा ज्ञापन देकर शिकायत व जांच कर जो दोषियो के ऊपर कठोर कार्यवाही करते हुए भर्ती को रद्द कर पुनः भर्ती कराए जाने की मांग की गई।

डाइट नगरी में संकाय के व्याख्याताओं का तीन दिवसीय सेवकालीन प्रशिक्षण सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। नगरी सिहावा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में तीन दिवसीय कला विषय आवासीय प्रशिक्षण डाइट प्राचार्य प्रकाश राय के दिशा निर्देशों पर तथा प्रशिक्षण प्रभारी जोहन नेताम के मार्गदर्शन पर आरंभ हुआ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बिंदुओं से हुए अवगत सामाजिक विज्ञान विषय को रोचक ढंग से पढ़ने के तरीकों से भी हुए अवगत नई शिक्षा नीति के परिपेक्ष में एससीईआरटी रायपुर के आदेशानुसार डाइट नगरी में जिले के कला संकाय सामाजिक विज्ञान, भूगोल,अर्थशास्त्र, इतिहास और राजनीति विज्ञान का अध्यापन कराने वाले व्याख्याता का सेवाकालीन तीन दिवसीय ऑफ्लाइन प्रशिक्षण दिनांक 2 जनवरी से 4 जनवरी के मध्य संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत डाइट नगरी के वरिष्ठ सहायक

प्राध्यापक डी.के.साहू प्रशिक्षण प्रभारी जोहन नेताम तथा प्रशिक्षक गण की उपस्थिति में संपादित हुआ

प्रथम दिवस डा. व्ही. पी.चंद्रा प्राचार्य आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय सिंगपुर मगरलोड द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अवधारणा, आवश्यकता,उद्देश्य शिक्षकों से अपेक्षाएं तथा वर्तमान समय में चुनौतियां आदि विषय पर शिक्षकों से बातचीत किया गया । विषय विशेषज्ञ के रूप में संयुक्त संचालक से सेवानिवृत श्री लक्ष्मण राव मगर के द्वारा विद्यालय प्रबंधन, शिक्षा गुणवत्ता,विद्यालय की देख-रेख,शाला समुदाय प्रकाश डाला जिला स्रोत प्रशिक्षक गण गेवाराम नेताम ,शशि प्रभा रानी चंद्राकर, एन.एल. चंद्राकर, सारिका वर्मा द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य आवश्यकता तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में सामाजिक विज्ञान की प्रकृति राष्ट्रीय पाठ्यचर्या में सामाजिक विज्ञान के उद्देश्य शिक्षक की प्रक्रिया पर चर्चा किया गया। द्वितीय दिवस प्रशिक्षक गेवाराम नेताम द्वारा इतिहास विषय अंतर्गत 20वीं सदी में संचार माध्यमों का उपयोग प्रभाव प्रकरण तथा राजनीति विज्ञान विषय के महिला समानता पर सावित्रीबाई फूल प्रथम महिला शिक्षिका समाजसेविका के बारे में समूह कार्य तथा उपस्थित से रोल प्ले के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कराया गया।

प्रशिक्षक सारिका वर्मा ने अर्थशास्त्र विषय अंतर्गत मुद्रा के बदलते स्वरूप पर पीपीटी के माध्यम से रोचक ढंग से अध्यापन कराया गया तथा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रोल प्ले के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कराया गया। प्रशिक्षक एन एल चंद्राकर द्वारा नेतृत्व कौशल, बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा अच्छे अंक कैसे प्राप्त करें आदि विषयों पर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण प्रशिक्षक शशि प्रभा रानी चंद्राकर द्वारा पृथ्वी की आंतरिक संरचना विषय में समूह चर्चा तथा प्रशिक्षण से प्रस्तुतीकरण कराया गया प्रशिक्षकों द्वारा सतत व्यवसायिक विकास राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक शिक्षकों के कैरियर प्रबंधन एवं प्रगति शिक्षकों के ऊपर बटन पर चर्चा किया गया किसी कड़ी में तीसरे दिवस भारतीय संविधान शासन व्यवस्था के समूह कार्य रोल प्ले के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कराया गया इसी प्रकार मुद्रा के बदलते स्वरूप पर मॉडल बनाकर प्रस्तुतीकरण प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा दिया गया भारत के संविधान की प्रस्तावना एवं विशेषताओं पर भी विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रस्तुतिकरण दिया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित हुए जगदल्ले द्वारा परीक्षा परिणाम एवं गुणवत्ता में सुधार लाने का पूरी तन्मयता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिए एवं प्रशिक्षण में प्राप्त बिंदुओं अध्यापन कौशलों को विद्यार्थी के हित में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किए व्याख्याता को जिला शिक्षा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

न्यूज गैलरी

6.320 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। दशरंगपुर प्रभारी लक्ष्मीनारायण साव को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता प्राप्त की गई।

मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर 6.320 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। चौकी दशरंगपुर पुलिस टीम वाहन चेकिंग अभियान के दौरान हाई स्कूल दशरंगपुर, एनएच-30 पर मौजूद थी। बेमेतरा से कवर्धा की ओर आ रही सफेद रंग की कार को रोककर जांच की गई। वाहन में चालक धनराज पवार (26 वर्ष, निवासी नंदनी चौक, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव) और कंडक्टर सीट पर बैठे मोहम्मद इरफान खान (28 वर्ष, निवासी स्टेशनपारा, थाना सिटी कोतवाली, जिला राजनांदगांव) की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। गवाहों की उपस्थिति में तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की से तीन पैकेट मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 6.320 किलोग्राम निकला। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत ?2,00,000 है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने तस्करों की योजना को विफल कर दिया। यह सफलता मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिले में चल रहे सख्त अभियान का हिस्सा है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि नशे के अवैध कारोबार से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी पुलिस को तुरंत दें, ताकि ऐसे अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

अफसरों और कार्यदायी एजेंसी की लापरवाही के चलते नहीं बना भवन...

2 साल से भवन के इंतजार में आत्मानंद स्कूल

■ **मंडी बोर्ड से 2.5 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा भवन, 9 माह में करना था पूरा**

साजा/नवप्रदेश। पूरे राज्य में मंडी बोर्ड का सबसे ज्यादा कार्य साजा विधानसभा में स्वीकृति होना माना जाता हैं। वहीं इन कार्यों में जमकर भर्राशाही की गई हैं। जिसके चलते विभागीय अधिकारी व ठेकेदार दोनों की बल्ले बल्ले रही, जो अब भी जारी हैं। इसका ताजा व प्रत्यक्ष प्रमाण साजा के ही आत्मानंद स्कूल भवन को देख कर लगाया जा सकता हैं। जो कि यह भवन को 9 माह में पूरा होना था, मगर आज 25 माह बाद भी अधूरा हैं। इससे ही सहज अनुमान लगाया जा सकता हैं कि विभागीय अधिकारीयों व ठेकेदारों का संबंध कितना सुमधुर हैं।

विधानसभा व ब्लाक मुख्यालय साजा में पूर्व सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक आत्मानंद स्कूल की स्वीकृति साजा नगर को प्राप्त हुई, जिसका उद्देश्य नगर सहित अंचल के बच्चों को अच्छी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकें। स्वीकृति पश्चात नगर के बालक प्राथमिक शाला को यथा संभव जीर्णोधार कर संचालित किया गया। वहीं सुचारु रूप से संचालित करने के लिए शासन द्वारा नए स्कूल भवन के लिए करोड़ो रुपए की राशि की स्वीकृति की गई।

दोनों सरकार को लगाया जा रहा चूना

उक्त विभाग मंडी बोर्ड द्वारा दोनों सरकार (पूर्व व वर्तमान) को चूना लगाया जा रहा हैं। क्योंकि यह स्कूल भवन पूर्व सरकार में ही पूरा हो जाना था, नहीं हुआ, उसके बाद नये सरकार में भी कब से हो जाना था, मगर इस सरकार का भी कार्यकाल एक वर्ष से ज्यादा हो रहा हैं। इससे विभाग की कार्यशैली स्वतः ही प्रमाणित हो जाती हैं कि विभागीय अधिकारी ठेकेदार पर कितना मेहरबान हैं। आखिर ठेकेदारों पर अधिकारीयों की इतनी मेहरबानी क्यों? खास बात एक और कि यह मेहरबान मुफ्त में तो की नहीं जाती।

जिसके पश्चात स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, जिसको 9 माह में पूरा होना था, वह आज 25 माह होने को हैं फिर भी पूरा नहीं हो पाया हैं।

विभाग से प्राप्त जानकारी - मंडी बोर्ड विभाग से जानकारी के अनुसार आत्मानंद स्कूल भवन साजा व थान खम्हरिया के निर्माण के लिए शासन द्वारा 4.5573 करोड़ रुपये की स्वीकृति हैं। इस हिसाब से साजा के आत्मानंद स्कूल भवन के लिए लगभग 2.5 करोड़ की राशि की स्वीकृति की गई, जिसका निर्माण मंडी बोर्ड विभाग के अंतर्गत कराया जा रहा हैं। स्कूल भवन का निर्माण कार्य दिसंबर 2022 से किया जा रहा हैं। इस स्कूल भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 9 माह का समय सीमा दिया गया था। जो कि अब तक पूरा नहीं हो पाया हैं।

आत्मानंद में आत्मा लगने का हैं इंतजार - नगर के इस आत्मानंद स्कूल में आत्मा लगने का नगर सहित पूरा अंचल इंतजार में हैं। नगरवासी अपने बच्चों के लिए नए स्कूल भवन की राह तांक रहें हैं। 25 माह पश्चात भी भवन का पूरा नहीं होना अपने आप में आश्चर्य का विषय हैं। उनका सरकार से सवाल हैं कब मिलेगा उनके बच्चों को नया स्कूल भवन?

अफसर की ये हैं दलीलें -

कार्य को समय सीमा में नहीं करने पर टाइम एक्सटेंशन काटा जायेगा। कार्य में देरी के लिए ठेकेदार को नोटिस भेजा गया, उसका जवाब आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

-अजय सिंह, एसडीओ, मंडी बोर्ड

जिला कलार समाज का चुनाव निर्विरोध संपन्न

■ **दीनदयाल सिन्हा दोबारा बने समाज के जिलाध्यक्ष**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला सिन्हा कलार समाज का चुनाव स्थानीय शिशु मंदिर प्रांगण में में संपन्न हुआ । इस दौरान मुख्य संगठन के लिए जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री एवं कोषाध्यक्ष, महिला मोर्चा के लिए अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष एवं युवामंच अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए सामाजिक सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया। मुख्य संगठन के लिए अध्यक्ष पद के रूप में दीनदयाल सिन्हा जालबांधा, जिलामहामंत्री त्रिभुवन कुमार सिन्हा भंडारपुर एवं कोषाध्यक्ष भगवती प्रसाद सिन्हा खैरागढ़ निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला महिला मोर्चा के लिए अध्यक्ष उमा सिन्हा, सचिव सीमा सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष रेणुका सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला युवामोर्चा के लिए अध्यक्ष पुनाराम सिन्हा, सचिव ऋषभ सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष नागेंद्र सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित हुए। नामांकन कार्य में जिला संरक्षक शिवराम सिन्हा,निर्वाचन अधिकारी हीरालाल सिन्हा, राजनांदगांव शहर मंडलेश्वर नाथु राम सिन्हा, खैरागढ़ मंडलेश्वर कुंभलाल सिन्हा, साल्हेवारा मंडलेश्वर दुलेश्वर सिन्हा अजीत सिन्हा, आत्मा राम सिन्हा, तीरथ सिन्हा, गंगादास सिन्हा, बिसाहुराम सिन्हा, आनंद राम सिन्हा, भीखम सिन्हा, विष्णु सिन्हा, पुनाराम सिन्हा, नागेश सिन्हा, राजेश सिन्हा, पतिराम, नरोतम सिन्हा के साथ साथ क्षेत्राधिकारी, ग्राम प्रमुख एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे । लगातार दूसरी बार निर्वाचित जिलाध्यक्ष दीनदयाल सिन्हा ने कहा कि सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न कराकर कलार समाज ने अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है,सभी समाज के लिए यह अनुकरणीय उदाहरण है,उन्होंने संगठन को मजबूत करना और सामाजिक विकास को गति देना अपना लक्ष्य बताया।

अध्यक्ष अनिल चंद्राकर को दवा विक्रेता संघ ने सौजन्य मुलाकात कर दी बधाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी गरियाबंद

के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर को बनाया गया है। श्री चंद्राकर के जिला अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार भेंट-मुलाकात कर बधाई का सिलसिला जारी है, इसके साथ ही उनके शुभचिंतक फोन के माध्यम से भी बधाइयां प्रेषित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में मंगलवार को गरियाबंद के जिला भाजपा कार्यालय में नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, बिंद्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा का गरियाबंद जिला के दवा व्यावसायियों के द्वारा भेंट-मुलाकात कर बधाइयां देते हुए सम्मान किया। इस अवसर पर आ अरुण मिश्रा, अध्यक्ष छ.ग. स्टेट फार्मेसी काउंसिल एवं अध्यक्ष गरियाबंद जिला दवा विक्रेता संघ के नेतृत्व में गरियाबंद जिला दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर अरुण मिश्रा, अध्यक्ष छ.ग. स्टेट फार्मेसी काउंसिल एवं अध्यक्ष गरियाबंद जिला दवा विक्रेता संघ, अश्वनी सिंग ठाकुर, सचिव, अमीन मेमन, कोषाध्यक्ष, नितिन गुप्ता, उपाध्यक्ष, हरीश साहू, संगठन सचिव, पुरन सिंहा, सृजन गुप्ता, बलदेव साहू, डीगेश्वर साहू, रवि चंद्राकर, टारजन साहू, अंकित सोनी, संतराम साहू सहित भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनीष सिन्हा, किशन कंडरा, गुलाब यादव उपस्थित थे।

सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्षों की गाथा प्रेरणादायी

■ **विभिन्न क्षेत्रों मे बेहतर कार्य करने वालो का किया गया सम्मान**

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विवि आडिटोरियम मे आयोजित कार्यक्रम में देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष और कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अतिथियो ,वक्ताओ ने चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रथम महिला शिक्षिका के आदर्श व संघर्ष को याद कर समाज के महिलाओं की शिक्षा को बल देने प्रयास करना है । कार्यक्रम मे मौजूद अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल ने कहा कि वर्तमान परिवेश मे हमे सावित्री बाई फुले की पूजा आराधना से बचते हुए उनके विचारो और जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेना होगा। एसडीएम टंकेश्वर साहू ने शिक्षा के क्षेत्र मे किए उनके कार्यो व योगदान की जानकारी देते हुए कहा कि जननी से जिस तरह सृष्टि का जनम हुआ उसी तरह सावित्री बाई फुले के अथक प्रयासो से महिला शिक्षा को बल मिला। सुनीति पैंकरा ने छात्र जीवन मे आने वाली मुश्किलों और उसके समाधान के लिए रास्ता सुझाया । गीतकार डॉ. जीवन यदुराही ने मेहनत और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। जीपी साहू ने समाज की खराब स्थिति सुधारने के लिए शिक्षा की आवश्यकता और महत्व पर बल दिया। सावित्रीबाई फुले के विचारों को जन जन तक

पहुंचाने और समाज में शिक्षा के साथ साथ महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करने के लिए शैक्षिक प्रगतिशील मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रो मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले बोधन जोशी, इंदिरा चंद्रवंशी, रविंद्र मेहरा, जयश्री ताम्रकार, दिलीप रजक, शक्ति सिंह, जिधन साहू, महेंद्र पटेल, डॉ. नागेश सिमकर, सुनील कुमार शर्मा, दिलीप राजा, खिलेन्द्र नामदेव, सुभाष चावड़ा, बैद्यनाथ वर्मा, भागवत साहू, दीनानाथ लिल्हारे और टोडर सिंह को सम्मानित किया गया। डॉ नागेश बंछोर ने शिक्षा और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर अपना विचार साझा करते हुए छात्र छात्राओ को प्रेरित किया। इस दौरान शैक्षिक प्रगतिशील मंच के नीलेश यादव, विप्लव साहू, अनिल साहू, भोला साहू, फूलदास साहू, मनोज पटेल, मनोज जंघेल, पोषन साहू, महेन्द्र साहू, संतोषी सलामे, गोपाल सोनी, कुणाल भंसाली, भूषण सिन्हा, विक्की सिन्हा, किशन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

7.200 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी दल द्वारा ग्राम सीतागोटा में लोकचंद चौधरी के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित संत्री फिरकी 40 नग पाव कुल 7.200 बल्क लीटर मदिरा जप्त किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

बाड़ी में दंतैल हाथी तांडव, फसल बर्बाद

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड व मगररोड विकासखंड की के अंतिम छोर परमारागांव क्षेत्र में एक दंतैल हाथी पहुंच गया है। गांव में एक कमार की बाड़ी में घुसकर केले के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया मगरलोड ब्लॉक में दक्षिण सिंगपुर वन परिक्षेत्र के मारागांव परिसर में वन कक्ष आरएफ 235 में विचरण करते हुए रविवार की रात 2 बजे गांव में पहुंच गया। यहां सुखराम कमार के घर केले के पेड़ों को खाकर नुकसान पहुंचाया। इसके बाद बड़े मारागांव होते हुए जबर्रा की ओर आगे बढ़ गए। दंतैल हाथी को देखते हुए ग्राम देवगांव, मड़वापथरा, खड़मा, जबर्रा, मारागांव, बड़े मारागांव में हाई अलर्ट जारी किया है। इन गांवों में मुनादी करा दी है। दल प्रमुख- एस पी सागर सर दल सहायक-रामसाय

कंवर CFO होमलाल पटेल CFO नितेश साहू BFO मिथुन साहू BFO घनश्याम पटेल BFOआनंद राम सुरक्षा श्रमिक-ओंकार पटेल, नरेश कमार समस्त कर्मचारी लगे हुए हैं साथ किसी भी कार्य के लिए जंगल ना जावे,सतर्क रहें,सुरक्षित रहें ,एक दूसरे को सचेत करे ,हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देवें कहा।

लगभग 50 अवैध विज्ञापन बोर्ड निगम की टीम ने हटाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज जी.ई.रोड के विद्युत पोलो एवं अन्य जगह में लगे लगभग 50 पोस्टर व छोटे विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाई। पूर्व के दिनों मे 200 से अधिक विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही किये थे। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु

बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे। किन्तु कतिपय लोगों के द्वारा अवैध होर्डिंग्स व बोर्ड नही हटाया गया। जिसे आज निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुये जी.ई.रोड, पोस्ट आफिस चौक से आर.के.नगर चौक तक एवं निगम कार्यालय के सामने लगे लगभग 50 अवैध बोर्ड हटाया। इसी प्रकार पूर्व के दिनों में आम्बेडकर चौक से महामाया चौक, नंदई चौक तक एवं अन्य मार्गो से लगभग 200 छोटे बड़े विज्ञापन बोर्ड हटाया गया था, उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

कार्यवाही | आवाश मावेसियों से आए होती है दुर्घटनाएं

सड़को पर मावेसियों का जमावड़ा, निगम की घर पकड़ टीम सक्रिय

■ **पशु मालिको की सजगता से ही दुर्घटना से बचाव**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुगम आवागमन एवं दुर्घटना से बचाने घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही के तहत आज शहर के विभिन्न मार्गो व चौक चौराहो से 11 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। पशु मालिकों द्वारा मवेशी

खुला छोडने से मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। यदि पशु मालिक सजगताा बरतेगे तो दुर्घटना से बचा जा सकता है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो में कुंज विहार कालोनी, कमला कालेज रोड, महामाया चौक, गंज चौक, दिग्विजय कालेज के पास, शीतला मंदिर, गुरू द्वारा रोड आदि क्षेत्रों से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 11 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है जिन्हे छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके तहत वह प्रथम अपराध की दशा में जुर्माने से 10 रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो 50 रूपये तक का हो सकेगा और द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध की दशा में जो पिछले अपराध किये जाने के 3 वर्ष की अवधि के भीतर किया जाता है, जुर्माने से जो 25 रूपये कम नहीं होगा जो 1 सौ रूपये तक का दण्ड या कारावास जिसकी अवधि 3 माह तक की हो सकेगी अथवा दोनों दण्डों से दण्डित किया जायेगा।

सुरेश मरावी का आशियाना निर्माण करने का सपना हुआ साकार

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में पीएम जनमन योजना का तेजी से क्रियान्वयन के चलते विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल गांवों में ऐसे परिवारों को आवास सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए संचालित पीएम जनमन योजना के तहत इन समुदायों से जुड़ी बसाहटों में सडक़, बिजली, आवास, पेयजल सहित सभी प्रमुख योजनाओं का लाभ इन परिवारों तक तेजी से पहुँचाया जा रहा है। जिले के ग्राम गोलरडीह में पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही सुरेश मरावी का खुद का आशियाना बनाने का सपना साकार हुआ है। योजना की सराहना करते हुए मरावी ने बताया कि आर्थिक कमजोरी के चलते उनके लिए पक्का घर का निर्माण कर पाना कोरी कल्पना थी। पक्का घर के निर्माण करने का सामर्थ्य नही होने के कारण वे अपने परिवार के साथ पुराने मिट्टी के खपरैल वाले मकान में ही रहने के लिए विवश थे। बारिश के दिनों में खपरैल वाले मकान में पानी भी टपकने जैसे अनेक प्रकार की परेशानियां होती थी। लेकिन पीएम योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के फलस्वरूप उनके नए घर के निर्माण होने से उनके एवं उनके परिवार के लिए सुरक्षित आवास बनाने का सपना साकार हुआ है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने नवंबर में सुरक्षित संपत्ति के रूप में खरीदा 8 टन सोना

मुंबई/ए.। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नवंबर 2024 में और आठ टन सोना खरीदा है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर महीने के दौरान 53 टन कीमती धातु की सामूहिक खरीद जारी रखी है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी चुनाव के बाद नवंबर के दौरान सोने की कीमतों में गिरावट ने कुछ केंद्रीय बैंकों को कीमती धातु जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया। आरबीआई ने दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह, सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोना खरीद रहा है। सोना रखने की रणनीति भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न अनिश्चितता के समय में मुख्य रूप से मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव और विदेशी मुद्रा जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से है। नवंबर में अपने भंडार में आठ टन सोना जोड़ने के साथ आरबीआई ने 2024 के पहले 11 महीनों में अपनी खरीद को बढ़ाकर 73 टन कर और अपने कुल सोने के भंडार को 876 टन कर दिया है। इसके साथ आरबीआई ने पोलैंड के बाद वर्ष के दौरान दूसरा सबसे बड़ा खरीदार होने का अपना स्थान बनाए रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अपने भंडार में पांच टन सोना जोड़कर छह महीने के गैप के बाद सोने की खरीद फिर से शुरू की है और सालाना आधार पर शुद्ध खरीद को बढ़ाकर 34 टन कर दिया है। इसी के साथ, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अपने कुल सोने के भंडार को 2,264 टन (कुल भंडार का 5 प्रतिशत) कर दिया है।

आर्सेलर मित्तल बंद करेंगे लॉन्ग स्टील बिजनेस

